दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




● नई दिल्ली। शुक्रवार 15 नवंबर-2024 | ● वर्ष : 9 अंक : 322 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3

### यूपीपीएससी परीक्षा को लेकर अखिलेश यादव ने कसा तंज

## बोले, वे एक दिन में परीक्षा तक नहीं करा सकते



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने प्रयागराज में छात्रों के विरोध प्रदर्शन से निपटने और परीक्षाओं को ठीक से आयोजित करने में विफल रहने के लिए भारतीय जनता पार्टी सरकार की आलोचना की। उन्होंने कहा, जो लोग एक राष्ट्र, एक चुनाव की बात करते हैं, वे एक दिन में छात्रों के लिए परीक्षा भी नहीं करवा सकते।

फूलपुर में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए यादव ने उप्र लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) द्वारा राज्य सिविल सेवा (पीसीएस)-प्रारंभिक परीक्षा और आरओ-एआरओ परीक्षा अलग-अलग दो दिन में आयोजित कराने के फैसले के खिलाफ चल रहे छात्रों के विरोध प्रदर्शन का जिक्र करते हुए सरकार की आलोचना की।

उन्होंने कहा, जो लोग ह्यएक राष्ट्र, एक चुनावह्ण की बात करते हैं, वे एक दिन में छात्रों के लिए परीक्षा भी नहीं करवा सकते। यादव ने छात्रों के साथ एकजुटता व्यक्त की, लेकिन राजनीतिकरण के आरोपों से बचने के लिए विरोध प्रदर्शन में शामिल होने से परहेज किया। उन्होंने राज्य में परीक्षाओं के सुचारु संचालन को सुनिश्चित करने में असमर्थता के लिए भाजपा की आलोचना की।

उन्होंने कहा, यह वही सरकार है जो एक राष्ट्र, एक चुनाव को बढ़ावा देती है, लेकिन उत्तर प्रदेश में वे हमारे युवाओं के लिए एक दिन में परीक्षा तक नहीं करा सकते। प्रयागराज में हजारों छात्र इस फैसले के खिलाफ लगातार चौथे दिन बृहस्पतिवार को विरोध प्रदर्शन किया जिनका दावा है कि इससे अनावश्यक भ्रम और कठिनाई बढ़ रही है।

यादव ने प्रश्न पत्र लीक, बार-बार परीक्षा के स्थगित और रद्द होने जैसे मुद्दों का जिक्र करते हुए आरोप लगाया कि भाजपा सरकार युवाओं का भविष्य बर्बाद कर रही है। उन्होंने फूलपुर में होने वाले आगामी उपचुनाव पर भी अपना ध्यान केंद्रित किया, जहां समाजवादी पार्टी अपने उम्मीदवार के रूप में मुस्तफा सिद्दीकी का समर्थन कर रही है।

यादव ने उपचुनाव स्थगित करने के लिए भाजपा की आलोचना की, जो मूल रूप से 13 नवंबर को होने थे, लेकिन अब 20 नवंबर तक टाल दिए गए हैं। उन्होंने कहा, इन उपचुनावों में भाजपा को हार का सामना करना पड़ेगा। यादव ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर भी सीधा हमला बोला और कहा, लोग जानते हैं कि यह सरकार जाने वाली है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र चुनाव का नतीजा जो भी हो, आदित्यनाथ की कुर्सी नहीं बचेगी। मुख्यमंत्री की अक्सर आक्रामक बयानबाजी पर टिप्पणी करते हुए यादव ने कहा, हमारे मुख्यमंत्री बहुत शिक्षित और जानकार हैं, लेकिन वे कम बोलने की जरूरत होने पर बहुत ज्यादा बोलते हैं।

यादव ने कहा, इसलिए हमारे यहां मौनी बाबा की परंपरा है यानी कम बोलना। वह जब भी बोलते हैं, कड़वाहट होती है। उनकी नकारात्मक मानसिकता उनकी नकारात्मक भाषा में झलकती है। योगी आदित्यनाथ का सीधे नाम लिए बिना यादव ने कहा, कोई भी व्यक्ति अपने कपड़ों से योगी नहीं बनता।

### कमिश्नरेट पुलिस ने जारी की एडवाइजरी

# सीएम योगी के रोड शो वाले दिन 8 थानाक्षेत्रों को रेड जोन घोषित किया गया

## कमिश्नरेट में धारा-163 रहेगी लागू, ड्रोन और एयर बैलून पर रोक



**गाजियाबाद, करंट क्राइमः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 16 नवंबर को विजयनगर थानाक्षेत्र में चाणक्य चौक से मेडिकल तिराहा तक रोड शो कार्यक्रम करेंगे। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को देखते हुए सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं, । इसके साथ ही किसी भी तरीके के खतरे से निपटने के लिए धारा-163 लागू कर दी गई है। धारा-163 16 नवंबर की देर रात तक जारी रहेगी। इसे गुरुवार 14 नवंबर से ही लागू कर दिया गया है। जिसके तहत पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद के अंतर्गत आने वाले तीनों जोन के कुल 8 थानाक्षेतत्रों को रेड जोन में घोषित करते हुए सुरक्षा और अन्य तत्वों पर निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही मुख्यमंत्री के रोड शो से पूर्व और बाद तक कोई भी ड्रोन और एयर बैलून का इस्तेमाल नहीं कर पाएगा। वहीं सोशल मीडिया और अन्य प्लेटफार्म के जरिए भी पुलिस निगरानी रखने का काम करेगी। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के एडिशनल सीपी दिनेश कुमार पी की ओर से यह एडवाइजरी जारी की गई है।

### कोतवाली से लेकर शालीमार गार्डन तक रेड जोन में शामिल




करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा के व्यापक बंदोबस्त किए जा रहे हैं। भारी संख्या में पुलिस बल का इस्तेमाल होगा, तो सीआईएसएफ के साथ ही आरआरएफ को भी लगाया गया है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री योगी के कार्यक्रम को लेकर थाना घंटाघर कोतवाली, विजयनगर, नंदग्राम ,सिहानी गेट , इंदिरापुरम ,कौशांबी , साहिबाबाद और शालीमार गार्डन को नो ड्रोन जोन के साथ ही रेड जोन में अस्थाई रूप से घोषित किया गया है । इस दौरान पैराग्लाइडर हॉट बैलून और अन्य संदिग्ध वस्तुओं को लेकर अलर्ट रहेगा। इन सभी आठ थानाक्षेत्र में किसी भी तरीके की वीडियोग्राफी , फोटोग्राफी और ड्रोन की अनुमति नहीं रहेगी।

### सोशल मीडिया से भी रहेगी निगरानी



करंट क्राइम : मुख्यमंत्री का कार्यक्रम है और चुनावी आचार संहिता का माहौल चल रहा है, ऐसे में सोशल मीडिया को लेकर भी पुलिस के अधिकारियों को अलर्टनेस रखने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं विरोधी नेताओं और प्रमुख पार्टियों के सोशल मीडिया अकाउंट की भी निगरानी रखी जाएगी ताकि किसी प्रकार की संवेदनशील पोस्ट ना आए।

### फोर्स की तीन दिन रहेगी विशेष चौकसी



करंट क्राइम : विजय नगर थानाक्षेत्र में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का रोड शो होने की वजह से पूरे थानाक्षेत्र को अलर्ट जोन पर रखा गया है। इसके साथ ही यहां बड़ी संख्या में पुलिस बल और सुरक्षा बलों के जवानों को भी तैनाती दी जाएगी। मुख्यमंत्री योगी के कार्यक्रम में किसी प्रकार की अड़चन न पड़े, इसके लिए खुफिया विभाग से लेकर दिल्ली और लखनऊ के इंटेलीजेंस के अधिकारी भी हरकत में आ गए हैं। वहीं मुख्यमंत्री के कार्यक्रमों के दौरान जिन लोगों को नजर बंद किया जाता है, उन पर भी पुलिस नजर रखने का काम करेगी।

# क्या रोड शो से लेकर जनसभा तक नजर आएंगे राहुल, माया और अखिलेश के फेस

## सीएम-डिप्टी सीएम तीसरी बार आकर दे रहे हैं बड़ा संदेश

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** चुनाव में कार्यकर्ता का अपना महत्व होता है और बड़े चेहरों का अपना जलवा होता है। यही वजह है कि हर सियासी दल चुनाव के दौरान अपने स्टार प्रचारकों की लिस्ट जारी करता है। हर दल के उम्मीदवार ये चाहते हैं कि उनकी पार्टी के बड़े चेहरे आकर उनके पक्ष में चुनाव प्रचार कर दें। भाजपा में भी उपचुनाव में जहां सत्ताधारी दल होते हुए भी भाजपा अपने बड़े चेहरों को इस चुनाव में उतार रही है वहीं अब जब चुनाव अपनी चरम पर आएगा तो सभी की निगाहें इस बात पर है कि विपक्ष का कौन सा बड़ा नेता यहां रोड शो से लेकर जनसभा करने आएगा।



यहां गठबंधन से सपा उम्मीदवार है और सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और सबसे बड़े स्टार प्रचारक अखिलेश यादव यहां कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करके जा चुके हैं, लेकिन ये कार्यकर्ता सम्मेलन पहले ही हो गया और चुनाव तिथि आगे बढ़ गई। चर्चा ये थी कि अखिलेश यादव रोड शो करेंगे, लेकिन पंद्रह तारीख हो गई है और अभी तक अखिलेश यादव का कार्यक्रम नहीं आया है। वहीं गठबंधन की सहयोगी पार्टी कांग्रेस का भी कोई बड़ा चेहरा यहां चुनाव प्रचार में नहीं दिखाई दिया है।

प्रियंका गांधी और राहुल गांधी का कोई रोड शो तक नहीं हुआ। कांग्रेस खेमे का कोई फिल्म स्टार भी नहीं आया है और अब बड़े चेहरों के आने की उम्मीद भी नहीं दिख रही है। वहीं बसपा की बात करें तो बसपा सुप्रीमो मायावती अपने उम्मीदवार के प्रचार के लिये नहीं आई है। सूत्र बताते हैं कि उनके भतीजे और बसपा के स्टार प्रचारक आकाश आनंद के आने के भी कोई चांस नहीं है। वो इस चुनाव में आएंगे या नहीं आएंगे इस पर सस्पेंस है।



अब विपक्ष के ये बड़े फेस चुनाव प्रचार में दिखेंगे इसको लेकर ही सस्पेंस है। वहीं भाजपा की बात करें तो यहां सीएम योगी आदित्यनाथ ही तीसरी बार आ रहे हैं।

वो चुनावी अधिसूचना जारी होने से पहले आए, फिर वो पन्ना प्रमुख सम्मेलन में आए और अब वो लाइनपार क्षेत्र में रोड शो करने के लिए आ रहे हैं। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक तीन बार आ चुके हैं। तीन बार उपचुनाव में आकर सीएम और डिप्टी सीएम एक बड़ा संदेश दे रहे हैं। यहां पहले से ही सरकार के तीन मंत्री डेरा डाले हुए हैं और अब ऐसे में विपक्ष के बड़े नेता यहां अपने उम्मीदवारों के लिये फेरा भी लगाएंगे इसको लेकर भी फिलहाल संशय दिखाई दे रहा है।

# क्या महापंचायत के बाद बदलेगा वकीलों का आंदोलन या समाधान की बनेगी बात

## जिला जज पर कार्रवाई की मांग लगातार हो रही है तेज

### आज भी हड़ताल पर रहेंगे अधिवक्ता



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद कचहरी में जिला जज के कोर्ट रूम में अधिवक्ताओं पर हुए लाठीचार्ज की विरोध में हड़ताल खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। गुरुवार को भी अधिवक्ता हड़ताल पर रहे और शुक्रवार को भी बार एसोसिएशन गाजियाबाद ने तमाम इकाइयों से हड़ताल पर रहने की अपील की है। इसके साथ ही जानकारी मिली है कि 16 नवंबर को गाजियाबाद में पश्चिम उत्तर प्रदेश सहित यूपी के 22 जिलों के बार एसोसिएशन के अध्यक्ष व सचिव के साथ ही अन्य संघ के पद अधिकारी भी महापंचायत में शामिल होंगे। इस महापंचायत में अब तक जिला जज पर कार्रवाई न होने और दोषी पुलिसकर्मियों पर कोई एक्शन नहीं लिए जाने और अधिवक्ताओं पर पुलिस द्वारा एफआईआर दर्ज करने के मामले को लेकर विस्तार से बातचीत होगी।

बताया जा रहा है कि सुबह 10 बजे से बार सभागार के सामने टेंट लगाकर महासम्मेलन होगा। जिसमें आए सभी अधिवक्ताओं और उनके संगठन का समर्थन लिया जाएगा। इसके साथ ही अधिवक्ता एक सुर में यह तय करेंगे कि उनकी लड़ाई जिला जज और पुलिस के खिलाफ अब किस रूपरेखा से आगे बढ़ेगी।

### 16 की महापंचायत पर पुलिस और लखनऊ-इलाहाबाद की भी नजर

करंट क्राइम : गाजियाबाद में अधिवक्ता लगातार बार एसोसिएशन के साथ हड़ताल पर हैं, तो पश्चिम उत्तर प्रदेश से लेकर लखनऊ और इलाहाबाद तक जिला जज द्वारा अधिवक्ताओं पर लाठीचार्ज कराए जाने का विरोध हो रहा है। सूत्र बता रहे हैं कि शनिवार को होने वाली अधिवक्ताओं की महापंचायत पर लखनऊ और इलाहाबाद के साथ ही गाजियाबाद पुलिस भी पूरी तरीके से निगरानी रखने का काम कर रही है। बता दें कि दो दिन पहले अधिवक्ताओं ने जिस तरीके से सड़क पर कुछ लोगों के साथ मारपीट और कहासुनी की थी उसको लेकर स्थिति थोड़ी तनावपूर्ण हुई थी। बताया जा रहा है कि इसी के बाद अधिवक्ताओं ने अपना सड़क पर होने वाला आंदोलन का रुख बदल लिया है। वहीं महापंचायत पर खुफिया और इंटेलीजेंस विभाग भी पूरी तरीके से नजरे रखने का काम करेगा ताकि उच्च अधिकारियों को गाजियाबाद की स्थिति से अवगत कराया जा सके।




### बार एसोसिएशन गाजियाबाद अधिवक्ताओं के समर्थन में

करंट क्राइम : बार एसोसिएशन गाजियाबाद के वर्तमान अध्यक्ष दीपक शर्मा और सचिव अमित नेहरा के साथ ही बार एसोसिएशन गाजियाबाद के पूर्व अध्यक्ष राकेश त्यागी कैली ,सचिव स्नेह कुमार त्यागी, पूर्व बार अध्यक्ष योगेंद्र कौशिक, मुनीष कुमार त्यागी के साथ ही अन्य अधिवक्ता लगातार गाजियाबाद के अधिवक्ताओं को समर्थन दे रहे हैं। आंदोलन में उनकी उपस्थिति देखी जा रही है। साथ ही गाजियाबाद बार एसोसिएशन को अलग-अलग जिलों से सोशल मीडिया और व्हाट्सएप के जरिए भी समर्थन वाले वीडियो और पत्र भेजे जा रहे हैं। इन सबके बावजूद जिला जज और पुलिस पर कार्रवाई न होने से अधिवक्ताओं में अब नाराजगी बढ़ती जा रही है। इसी को लेकर 16 नवंबर को महापंचायत आयोजित की गई है। बार एसोसिएशन गाजियाबाद के अध्यक्ष दीपक शर्मा का कहना है कि जब तक अधिवक्ताओं की मांगे पूरी नहीं होगी, तब तक गाजियाबाद बार अपने कदम पीछे नहीं करेगी।



# धूं-धूं कर जल उठी स्कूली बच्चों से भरी बस, मची चीख-पुकार

## ड्राइवर की चौकसी से बस में बैठे 16 बच्चों को सुरक्षित निकाल लिया गया

**आग की सूचना पर मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल व अग्निशमन द्वितीय अधिकारी भी पहुंच गए।**

**सीएफओ का कहना है कि आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। सभी बच्चे सुरक्षित बचा लिए गए।**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद में बृहस्पतिवार सुबह 15 बच्चों को ले जा रही स्कूल बस में आग लग गई। जैसे ही बस से धुआं उठने लगा तो ड्राइवर ने बस को रोक दिया। आनन फानन में बच्चों को नीचे उतारा गया। जहां बस को आग की लपटों ने घेर लिया। फायर विभाग को आग की सूचना दी गई। जहां एफएसओ फायर की दो गाड़ियों के साथ मौके पर पहुंचे। करीब 20 मिनट की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

बस पूरी तरह से चल गई। गनीमत रही कि बच्चों को पहले ही उतार लिया गया था। श्रीश्री रेजिडेंसी कौशांबी थाने के पीछे स्कूल बस में आग लगी। आग की सूचना पर मुख्य अग्निशमन अधिकारी गाजियाबाद राहुल पाल व अग्निशमन द्वितीय अधिकारी भी पहुंच गए। जहां फायर स्टेशन वैशाली से फायर टैंकर के साथ आग बुझाने का काम शुरू किया। सीएफओ ने बताया कि आग मदर्स ग्लोबल स्कूल प्रीत विहार दिल्ली की वातानुकूलित बस संख्या यूपी 16 सीटी 9688 में लगी हुई है।



इससे पहले बस में ड्राइवर के अलावा 16 बच्चे बैठे थे। सभी बच्चों को सुरक्षित निकाला गया। बताया गया है कि शार्ट सर्किट से आग लगी है। फिलहाल पुलिस भी मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। बस पूरी तरह से जल गई। सीएफओ का कहना है कि आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। सभी बच्चे सुरक्षित बचा लिए गए।

# मेयर-डिप्टी मेयर के लिए मतदान जारी, कांग्रेस पार्षद ने दिया इस्तीफा, आप को समर्थन देने का ऐलान

**नई दिल्ली।** मेयर चुनाव के लिए इस बार 273 सदस्य मतदान करेंगे। इनमें 249 पार्षद, 14 मनोनीत विधायक और लोकसभा व राज्यसभा के 10 सांसद मतदान में शामिल हैं। इस चुनावी गणित में आम आदमी पार्टी के पास 143 मत हैं, जबकि भाजपा के पास 122 मत हैं और कांग्रेस के पास आठ मत हैं। एमसीडी के मेयर व डिप्टी मेयर पद के लिए गुरुवार को मतदान डाले जा रहे हैं। एमसीडी में आम आदमी पार्टी के पास बहुमत होने के कारण वह जीत के दावे कर रहे हैं। बावजूद इसके, भाजपा भी मैदान में अपनी किस्मत आजमाने को तैयार है। मेयर चुनाव के लिए इस बार 273 सदस्य मतदान करेंगे। इनमें 249 पार्षद, 14 मनोनीत विधायक और लोकसभा व राज्यसभा के 10 सांसद मतदान में शामिल हैं। इस चुनावी गणित में आम आदमी पार्टी के पास 143 मत हैं, जबकि भाजपा के पास 122 मत हैं और कांग्रेस के पास आठ मत हैं। जीत के लिए 137 मतों की जरूरत होगी।



### कांग्रेस ने किया चुनाव का बहिष्कार

एमसीडी सदन में चुनाव से पहले कांग्रेस पार्षदों ने एमसीडी में सत्ता रूढ़ आम आदमी पार्टी की नीतियों का विरोध जताते हुए नारेबाजी की। उन्होंने अरविंद केजरीवाल के खिलाफ नारेबाजी की। उधर आम आदमी पार्टी के पार्षद भी केजरीवाल के समर्थन में नारेबाजी करते रहे। हंगामें के बाद कांग्रेस पार्षदों ने सदन और चुनाव का बहिष्कार करने का एलान किया। इस स्थिति में जीत के लिए 133 मतों की जरूरत होगी। इसलिए आप का पलड़ा भारी नजर आ रहा है।

### 'दिल्ली की जनता के लिए बीजेपी काम करके दिखाएगी'

बीजेपी सांसद बांसुरी स्वराज ने कहा, अभी मतदान चल रहा है और हमने अभी अपना मत दिया है। भाजपा का एक-एक कर्मठ कार्यकर्ता भारत की प्रकृति और दिल्ली को प्रकृति के पथ पर अग्रसर करने के लिए प्रतिबद्ध है। आज यदि भाजपा का चयन होता है और भाजपा के मेयर और डिप्टी मेयर चुने जाते हैं तो मैं जानती हूं एमसीडी जिस निष्क्रियता से आप के कारण ग्रसित है उसको दूर कर एमसीडी अपना कर्तव्य निभाएगी और दिल्ली की जनता के लिए बीजेपी काम करके दिखाएगी।

### लोकसभा और राज्यसभा सांसदों कों वोट देने का है अधिकार

मेयर और डिप्टी मेयर चुनाव में दिल्ली के सभी लोकसभा और राज्यसभा सांसदों को मतदान करने का अधिकार है। दिल्ली में लोकसभा के सात और राज्यसभा के तीन सांसद हैं। सबसे पहले आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह मतदान करने के लिए आए। उनके बाद आप सांसद एनडी गुप्ता ने मतदान किया। आम आदमी पार्टी से नाराज चल रहीं उसकी राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल सदन में मतदान करने नहीं पहुंची। भाजपा के सांसद मनोज तिवारी अभी सदन में नहीं पहुंचे हैं जबकि भाजपा के अन्य छह सांसदों ने मतदान कर दिया है।

### कांग्रेस पार्षद सबीला बेगम ने दिया पार्टी से इस्तीफा

सबीला बेगम ने इस्तीफा पत्र में लिखा है कि मेयर चुनाव से दूर रहकर हम भाजपा का समर्थन नहीं कर सकते हैं। साथ उन्होंने मेयर चुनाव में आप का समर्थन करने का भी एलान किया।

### आप को क्रॉस वोटिंग का डर

आप को क्रॉस वोटिंग होने का डर सता रहा है। उसकी राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल उससे नाराज चल रही हैं। वह पिछले कई माह से अपनी पार्टी की दिल्ली और एमसीडी सरकार को घेरने में लगी है। लिहाजा उनके चुनाव में आप उम्मीदवारों को मत देने की संभावना नहीं दिख रही है। वहीं वार्ड समितियों के चुनाव में आप को तीन जोनों में क्रॉस वोटिंग का सामना करना पड़ा था। उसके कुछ पार्षदों ने पार्टी उम्मीदवारों के बजाए भाजपा उम्मीदवारों के पक्ष में मतदान कर दिया था। साउथ जोन में उसके उम्मीदवार हारते-हारते बचे थे।

## मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम के जरिए

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भाजपा कार्यकर्ताओं को देंगे जीत का मंत्र

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को अपने सोशल मीडिया एक्स हैंडल पोस्ट में बताया कि वो 16 नवंबर को मेरा बूथ सबसे मजबूत संवाद कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा, महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में भाजपा को प्रचंड जीत दिलाने के लिए हमारे समर्पित कार्यकर्ता जी-जान से जुटे हुए हैं। पार्टी कार्यकताओं के इसी अथक परिश्रम के बीच 16 नवंबर को सुबह 11:30 बजे ह्यमेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम में उनसे संवाद को लेकर बेहद उत्सुक हूं। प्रधानमंत्री के पोस्ट में बताया है कि वो कार्यक्रम को संबोधित करने के अलावा उन कार्यकताओं की भी प्रशंसा करेंगे, जो चुनावी तैयारियों के बीच पार्टी को जीत दिलाने की दिशा में जी जान से जुटे हुए हैं। हालांकि, यह कोई पहली बार नहीं है कि जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी पार्टी के कार्यकताओं के



परिश्रम की सराहना करेंगे। आमतौर पर ऐसा देखा जाता है कि जब किसी राज्य में भाजपा जीत का परचम लहराने में सफल रहती है, तो वो इसका श्रेय पार्टी के लिए जमीनी स्तर पर काम कर रहे कार्यकताओं को भी देते हैं। जिन्हें पीएम 'पार्टी की नींव' भी बताते हैं। बता दें कि महाराष्ट्र की 288 विधानसभा सीटों के लिए 20 नवंबर को मतदान होंगे और नतीजों का ऐलान 23 नवंबर को होगा। इन दिनों विभिन्न दल प्रचार अभियान में जोरों शोरों से लगी हैं। हाल ही में धुले की एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए पीएम ने एकजुटता का मंत्र भी दिया था। उन्होंने कहा था एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे। उनके इस नारे की खूब चर्चा हुई थी। शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राउत ने उनके इस बयान की निंदा की थी और कहा था कि हमें महाराष्ट्र में कोई खतरा नहीं है। हम सभी लोग एकजुट हैं। हमें कोई अलग नहीं कर सकता है। प्रधानमंत्री ने चिमूर, सोलापुर और पुणे की चुनावी रैलियों को संबोधित करते हुए मुख्य रूप से कांग्रेस पर निशाना साधा था। उन्होंने कहा था कि यह पार्टी कर्नाटक में लूट मचा रही है, जनता इनसे त्रस्त हो चुकी है। पीएम ने महाविकास अघाड़ी गठबंधन पर भी निशाना साधा था और कहा था कि इनकी गाड़ी में कोई ब्रेक नहीं है। यह लोग इस बात पर लड़ रहे हैं कि आखिर गाड़ी में बैठेगा, कौन?

## न्यूज डायरी

### दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 की रणनीति में जी-जान से जुटे सांसद अतुल गर्ग



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** दिल्ली प्रवास के दौरान गुरुवार को रोहिणी, मंगोलपुरी और नांगलोई जाट विधानसभा में आयोजित विभिन्न चुनावी बैठक को गाजियाबाद सांसद अतुल गर्ग ने संबोधित किया। इस बैठक में आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 में जनसंपर्क रणनीति, डिजिटल अभियान की भूमिका एवं बूथ स्तर पर मतदाताओं तक पहुंच पर विस्तृत चर्चा की गई।

### उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल करेगा भाजपा प्रत्याशी संजीव शर्मा के लिए जनसंपर्क

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल भाजपा प्रत्याशी संजीव शर्मा के लिए आज जनसंपर्क अभियान चलाएगा। यह जनसंपर्क अभियान 6 :30 बजे अनिल सांवरिया के शोरूम से प्रारंभ किया जाएगा। गाजियाबाद की जनता को संजीव शर्मा और भाजपा की उपलब्धियों से अवगत कराते हुए यह काफिला 7 :00 बजे मुकेश गोयल रेमंड्स चौधरी मोड़ होता हुआ अपनी यात्रा जारी रखेगा। 7 :15 पर तुराब नगर बाजार से होते हुए स्वागत मांगली होजरी पूजा हैंडिक्राफ्ट मिलन लेडिज सूट शंकर गारमेंट होते हुए घंटाघर सब्जी मंडी टाउन हॉल पहुंचेगा। 7 :30 बजे गोल मार्केट में संजीव लोरिया अध्यक्ष गोल मार्केट की दुकान पर जनसंपर्क और मीटिंग आयोजित की जाएगी। इस कार्यक्रम में अनिल सांवरिया मेरठ मंडल अध्यक्ष, सुभाष छाबड़ा महानगर अध्यक्ष, मनवीर नागर महानगर महामंत्री, संजीव लाहोरिया गोल मार्केट अध्यक्ष, हरि मेहता टाउन हॉल मार्केट अध्यक्ष, विजय कक्कड़ गुड मंडी अध्यक्ष, उदयवीर लाडी युवा महानगर अध्यक्ष, राजू छाबड़ा युवा प्रदेश कोषाध्यक्ष उपस्थित रहेंगे।

### बाल दिवस पर जवाहरलाल नेहरू को याद कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नए भारत के निर्माता, स्वतंत्रता सेनानी एवं देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू का जन्मदिवस बाल दिवस के रूप में मनाया गया। गुरुवार को सूर्या नगर ई ब्लाक के नेहरू पार्क में लगी पंडित नेहरू की प्रतिमा पर सूर्या नगर, चंद्र नगर ,बृजविहार एवं रामप्रस्था के गणमान्य लोगों ने पुष्पांजलि अर्पित कर बच्चों को टॉफियां बांटी तथा साथ ही मिठाइयों के साथ जलपान कार्यक्रम भी रखा गया। यह कार्य कांग्रेस के वरिष्ठ स्थानीय कार्यकर्ता एवं पूर्व प्रदेश सचिव के एन पाण्डेय की अध्यक्षता में रखा गया था। जिसमें शहर कांग्रेस के महासचिव विपिन त्यागी, एच एस भाटी,राकेश जैन, आर के गुप्ता, वीके गुप्ता एवं बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने अपने श्रद्धा सुमन अर्पित कर जवाहरलाल नेहरू को याद किया।

# बाल दिवस पर छात्रों को शिक्षण सामग्री का किया गया वितरण





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** बाल दिवस के उपलक्ष्य में संतोष मेडिकल कॉलेज एवं यूनिवर्सिटी गाजियाबाद ने गुरुवार को शहीद विजय सिंह पथिक सरस्वती विद्या मंदिर विद्यालय भौपुरा गाजियाबाद में छात्रों को उपहार स्वरूप शिक्षण सामग्री का वितरण किया और खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन कराया। इस अवसर पर संतोष हॉस्पिटल गाजियाबाद ने बच्चों के लिए हेल्थ चेकअप कैंप का भी आयोजन किया, जिसमें छात्राओं की आंखों की जांच, दांतों की जांच निशुल्क कराई गई व डाइटिशियन विभाग द्वारा उन्हें खान-पान से संबंधित जानकारी दी गई ।

विद्यालय की प्रधानाचार्य सीमा श्रीवास्तव व अध्यापिकाएं मीना भटनागर, संगीता शर्मा, बृजेश वर्मा ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग दिया। इस अवसर पर आईएसआर हेड श्वेता चौधरी ने बच्चों को बताया कि बाल दिवस क्यों मनाया जाता है। इस मौके पर डॉक्टर आईक्यूएसी दीक्षा बिष्ट ने छात्राओं को शैक्षणिक सामग्री वितरित की। जिसमें पूजा, अजीत कुमार, रमेश, राजीव, गुरदीप तेवतिया, सोनू भारती, दुष्यंत चौहान, कपिल शर्मा का सहयोग सराहनीय रहा संतोष हॉस्पिटल समय-समय पर समाज सेवा में शिक्षा चिकित्सा और पर्यावरण संरक्षण के लिए तत्पर रहता है और भी कई तरह के कार्यक्रम चलाकर समाज सेवा में अपना योगदान करता है।

# छात्रों की हुई जीत, पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा को लेकर 'एक दिन-एक पाली' पर बनी सहमति

**प्रयागराज।** पीसीएस और आरओ/एआरओ प्रारंभिक परीक्षा 'वन डे वन शिफ्ट' में हो। छात्रों का ये मांग मान ली गई है। समिति सभी पहलुओं पर विचार कर अपनी विस्तृत रिपोर्ट जल्द ही प्रस्तुत करेगी। यूपीपीएससी की पीसीएस और आरओ-एआरओ की प्रारंभिक परीक्षा एक ही दिन और एक ही पाली में होनी चाहिए, तथा मूल्यांकन के लिए नॉर्मलाइजेशन फॉमूर्ले का इस्तेमाल नहीं होना चाहिए...छात्रों की यह मांग मान ली गई है। समीक्षा अधिकारी, सहायक समीक्षा अधिकारी परीक्षा के लिए बाद में निर्णय लिया जाएगा। उच्च स्तरीय कमेटी का गठन होगा। समीक्षा अधिकारी, सहायक समीक्षा अधिकारी परीक्षा के संबंध में कमेटी ही अगला निर्णय लेगी। सीएम योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज में छात्रों की मांग का संज्ञान लिया उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग को एक दिन में प्रारंभिक परीक्षा कराए। उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज में छात्रों की मांग का संज्ञान लिया और आयोग को एक दिन में पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा 2024 के संबंध





में छात्रों से संवाद और समन्वय करके आवश्यक निर्णय लेने को कहा। आरओ/एआरओ (प्री.) परीक्षा-2023 के लिए आयोग द्वारा एक समिति गठित की गई है। समिति सभी पहलुओं पर विचार कर अपनी विस्तृत रिपोर्ट शीघ्र प्रस्तुत करेगी।

### क्या थी छात्रों की मांगे?

छात्रों की मांग थी कि एक दिन में एक शिफ्ट में ही पीसीएस प्री 2024 और आरओ और एआरओ प्री की परीक्षाएं कराई जाएं। दो दिन की परीक्षा में अलग-अलग शिफ्ट में शामिल होने वाले परीक्षार्थियों के एक समान मूल्यांकन के लिए आयोग ने नॉर्मलाइजेशन (मानकीकरण) को लागू कर दिया, लेकिन आयोग ने यह स्पष्ट नहीं किया कि यह फॉमूर्ला काम कैसे करेगा।

### एक समान मूल्यांकन पर स्पष्ट नहीं नॉर्मलाइजेशन

अभ्यर्थियों का कहना है कि आयोग ने पर्सेंटाइल स्कोर निकालने का फॉमूर्ला तो बता दिया लेकिन नॉर्मलाइजेशन कैसे करेंगे। यह फॉमूर्ला वैज्ञानिक रूप से कारगर है या नहीं, इस बात पर भी संदेह है। जिन परीक्षा में नॉर्मलाइजेशन लागू किया गया।

# नरेश मीणा की गिरफ्तारी के बाद फिर बवाल

## समर्थकों ने चक्काजाम-आगजनी की, पुलिस ने आंसू गैस छोड़ी

**जयपुर।** एसडीएम को थप्पड़ मारने वाले निर्दलीय प्रत्याशी नरेश मीणा की गिरफ्तार के बाद देवली-उनियारा में बवाल फिर शुरू हो गया है। उसके समर्थकों ने सड़क पर चक्काजाम कर आगजनी की है। पुलिस मौके पर मौजूद है और हालात काबू में करने के प्रयास कर रही है। राजस्थान के टोंक जिले के देवली-उनियारा में नरेश मीणा की गिरफ्तारी के बाद समर्थक फिर भड़क गए हैं। जिससे एक बार फिर बवाल शुरू हो गया है। नरेश मीणा की गिरफ्तारी के विरोध में देवली-उनियारा के समरावता गांव की सड़क पर टायर जलाए गए हैं। पुलिस की गाड़ियों को रोकने के लिए समर्थकों ने चक्काजाम किया है। उपद्रवियों ने पुलिस पर हल्का पथराव भी किया है। जिन्हें खदेड़ने के



लिए पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर आंसू गैस के गोले भी छोड़े है। इस दौरान पुलिस ने उसके कुछ समर्थकों को भी गिरफ्तार किया है। बता दें कि बुधवार को मतदान के दौरान देवली-उनियारा विधानसभा के समरावता गांव में नरेश मीणा ने एसडीएम को थप्पड़ मार दिया था। आज गुरुवार करीब 12 बजे उसे गिरफ्तार किया गया है।

### क्यों हुआ था विवाद?

दरअसल, बुधवार को राजस्थान में 7 सीटों पर उपचुनाव के लिए मतदान हुआ। इनमें देवली-उनियारा विधानसभा भी शामिल थी। नरेश मीणा इस सीट से निर्दलीय चुनाव मैदान में है। मतदान के दौरान नरेश मीणा समरावता में एक पोलिंग बूथ पहुंच गया। इस दौरान किसी बात को लेकर उसकी अधिकारियों से बहस हो गई और उसने एसडीएम को थप्पड़ मार दिया। इसके कुछ घंटे बाद पुलिस ने नरेश मीणा को हिरासत में लिया तो उसके समर्थक भड़क गए। वे पुलिस हिरासत से मीणा को छुड़ाकर ले गए। रात में उसके समर्थकों ने सैकड़ों गाड़ियों में आग लगा दी।

### पुलिसकर्मी समेत 50 से ज्यादा लोग घायल

नरेश मीणा के समर्थकों और पुलिस के बीच हुए बवाल में 10 पुलिस जवानों समेत 50 लोग घायल हुए हैं। अधिक चोट लगने वाले लोगों को अस्पताल में इलाज चल रहा है। इस मामले में पुलिस ने अब तक करीब 60 लोगों को हिरासत में लिया है।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में कुल लक्ष्य 1434 निर्धारित

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत निदेशालय, समाज कल्याण, उ.प्र., लखनऊ द्वारा जिलाधिकारी, गाजियाबाद को सम्बोधित दिनांक 18 जून 2024 के माध्यम से चल वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु जनपद का कुल लक्ष्य 1434 लाभार्थियों को लाभान्वित कराये जाने का निर्धारित किया गया है।

इस योजनान्तर्गत रु. 2.00 लाख की वार्षिक आय सीमा वाले परिवार की कन्या की आयु 18 वर्ष व वर की आयु 21 वर्ष हो। वेबसाइट https://cmsvy.upsdc.gov.in/ पर स्वयं अथवा जन सुविधा केन्द्र के माध्यम से आवेदन किया जा सकता है। आवेदन पत्र के साथ कन्या व वर का फोटो तथा आधार कार्ड लगाना अनिवार्य है। नगरीय क्षेत्र में आवेदन पत्र संलग्नकों सहित नगर निगम / नगर निकाय के कार्यालय में जमा किया जायेगा व ग्रामीण क्षेत्र में आवेदन पत्र संलग्नकों सहित सम्बन्धित विकास



खण्ड कार्यालय में जमा किया जायेगा। योजनान्तर्गत रु. 10,000/- की उपहार सामग्री (वर-वधू के कपड़े, चांदी की बिछिया व पायल, स्टील डिनर सेट, प्रेशर कूकर, ट्राली बैग, वैनिटी किट एवं दीवार घड़ी इत्यादि) विवाहित जोड़े को दिया जाता है। नगर निगम / नगर निकाय/विकास खण्ड स्तर से जांचोपरान्त पात्र पाये गये आवेदकों की पुत्री के सामूहिक विवाह उपरान्त कन्या के बैंक खाते में रु. 35,000/- की धनराशि भुगतान किये जाने का प्रावधान है। सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत निर्धारित पात्रता की श्रेणी में आने वाले अभिभावकों से अनुरोध है कि अधिकाधिक संख्या में आवेदन करते हुए योजना का लाभ लेना सुनिश्चित करें।

# जब मदद की छाया बन कर खड़ी हुई सामाजिक कार्यकर्ता

## घरेलू हिंसा की शिकार महिला के लिए बनी मदद दूत

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** जब कुछ कर गुजरने की इच्छा दिल में हो तो ना तो समय देखता है व्यक्ति और ना ही स्थिति। कुछ ऐसी ही है सामाजिक कार्यकर्ता छाया गुप्ता। एक परिचय यह भी है कि 35 साल से यह बीजेपी में कार्यकर्ता है। प्रखर फाउंडेशन की वाइस प्रेसिडेंट है और समाजसेवी है। रात में उनके पास एक फोन आता है कि एक महिला अपने 10 महीने के लड़के के साथ इधर-उधर भाग रही है उसका पति उसे जान से मारने के लिए तैयार है।

वह खाना खा रही थी इन्होंने खाना छोड़ा और सीधा चली गई उस जगह जहां इन्हें बताया गया वहां जाकर देखा कि वह महिला कुछ फ्लैट वासियों के बीच में बैठी हुई थी और बहुत रो रही थी क्योंकि उसके पति ने बहुत बुरी तरह मारा था। वह डर के मारे अपने 10 महीने के नवजात शिशु को लेकर घर से



निकल गई थी। जब छाया गुप्ता को यह वहां जाकर पूरी स्थिति पता चली उन्होंने सभी को इकट्ठा करके पुलिस में कंप्लेंट की।

पुलिस आई और लड़की को उसके मायके चंडीगढ़ छोड़ने की बात तय हुई। अब समस्या थी की रात में यह महिला कहां रहेगी तो छाया गुप्ता ने उससे बात की और उसको पूछा और उसको रात में पिंक बूथ में ठहरने की बात हुई। जिस पर पुलिसकर्मी भी रेडी हो गए और उसकी मां को फोन कर दिया गया कि कल सुबह इसको यहां से बस में बिठा देंगे इस कार्य को इतनी अच्छे तरीके से छाया गुप्ता और सब की मदद से उसकी पिंक बूथ पहुंचाया। जहां पर वह आराम से रही।

सुबह पूछने पर छाया गुप्ता को यह बताया गया कि पुलिस वालों ने उसके पति को बहुत डांटा और यह कहा कि आइंदा इसको नहीं मारोगे और वही रखने को कहा इस तरीके से एक लड़की की जिंदगी बनी। अब अगर वह दोबारा मारपीट करेगा तो यह स्वयं जाकर इसको चंडीगढ़ छोड़कर आएंगे। बहुत अच्छा लगा कि एक महिला एक महिला के लिए खड़ी हुई सभी लोग इस तरीके से अगर खड़े होंगे तो बहुत अच्छा होगा और समाज में एक अच्छा संदेश जाएगा कि किसी को कोई सताए ना।

# सिकंदर यादव ने किया सपा प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल का स्वागत

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** इंडिया गठबंधन प्रत्याशी सिंह राज जाटव के समर्थन में सपा प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल गाजियाबाद विधानसभा में प्रचार के बाद पूर्व मेयर प्रत्याशी सिकंदर यादव के ऑफिस पहुंचे। सिकंदर यादव ने बुके, व डॉ. अंबेडकर की तस्वीर देकर उनका स्वागत किया, साथ ही चुनाव को लेकर चाय पर चर्चा हुई।



इस दौरान वहां पर उपस्थित प्रमुख लोगों में सपा प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल, राकेश यादव पूर्व मंत्री, जितेंद्र यादव पूर्व एमएलसी, फैजल हुसैन जिला अध्यक्ष, वीरेंद्र यादव महानगर अध्यक्ष, अमित पाल, दानिश पाल, नंदकिशोर पाल, वीरेंद्र पाल, ज्ञानेंद्र पाल, तुषार पाल, मानसिंह पाल, संजीव पाल, वीर सिंह पाल प्रधान, जीतू शर्मा जिला अध्यक्ष युवजन सभा, इरफान, अमानत जिला अध्यक्ष मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड, रविंदर यादव महानगर अध्यक्ष मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड, असलम कुरैशी जिला अध्यक्ष लोहिया वाहिनी, विवेक त्यागी महानगर अध्यक्ष लोहिया वाहिनी, नाजिम चौधरी महानगर अध्यक्ष छात्र सभा, ऋषिपाल धीमान प्रदेश सचिव कांग्रेस, नितिन त्यागी जिला महासचिव, रवि यादव, कुनाल यादव, शिवांश, हिमांशु, सन्नी घई, राजन कश्यप महानगर सचिव, मधु चौधरी, राज देवी चौधरी, अरशद खान साहब,अमन यादव राष्ट्रीय महासचिव युव जनसभा और अन्य लोग मौजूद रहे।

### वार्ड नं. 97 में स्वच्छ भारत अभियान की उड़ी धज्जियां



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** वार्ड नंबर 97 के दयानंद पार्क के समस्त कूड़ेदान टूट कर खराब हो गए हैं। ऐसे में स्वच्छ भारत अभियान कैसे कामयाब होगा। कंप्लेंट गाजियाबाद 311 एप्लीकेशन और जनसुनवाई के माध्यम से करवा दी गई है। आसपास रह रहे निवासी भी करवाएं ताकि शीघ्र काम हो सके।

### सरोजिनी नगर मार्केट में आतंकवादियों को पकड़ने के लिए मॉक ड्रिल की

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने गुरुवार को सरोजिनी नगर मार्केट में एक मॉक ड्रिल आयोजित की। इस ड्रिल का उद्देश्य सुरक्षा व्यवस्थाओं की जांच करना और आतंकवाद से निपटने की रणनीतियों को परखना था। दोपहर डेढ़ बजे के एक कॉल प्राप्त हुई, जिसमें आतंकवादियों ने कुछ नागरिकों को बंधक बना लिया था।

### खोया-पाया

**माता-पिता अभिभावक की तलाश**

एक नवजात अज्ञात बालिका (काल्पनिक नाम) सिद्धी उम्र 1 माह जिसका रंग गौरा जो थाना वेव सिटी गाजियाबाद के इनायतपुर डासना क्षेत्र में दिनांक 10.10.2024 को लावारिस अवस्था में पायी गयी। उक्त बालिका के माता-पिता अथवा परिजन होने के प्रमाण सहित दावा विज्ञप्ति प्रकाशित होने के 60 दिन के अन्दर बाल कल्याण समिति, कमरा नं. 323 विकास भवन जनपद गाजियाबाद के समक्ष प्रस्तुत किया जा सकता है। अन्यथा उक्त अवधि के उपरान्त किशोर न्याय अधिनियम 2015 के प्रावधानुसार बालकों को दत्तक ग्रहण हेतु स्वतंत्र घोषित किये जाने की कार्यवाही की जायेगी और इसके बाद इस संबंध में कोई दावा स्वीकार नहीं किया जाएगा।

जे.पी. भद्रदास (अध्यक्ष)
बाल कल्याण समिति गाजियाबाद
मो.नं.- 9871771991

दैनिक करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। शुक्रवार 15 नवंबर-2024 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




# जब डिप्टी सीएम ने बहरामपुर वाली सभा में संजीव शर्मा का उठाकर हाथ मांगा आशीर्वाद

## पूर्वांचल संवाद शैली से जीता दिल और होने लगी सभा में जिंदाबाद-जिंदाबाद






**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा शहर विधानसभा उपचुनाव में एक सधी हुई रणनीति से अपने चुनाव को उस दिशा की ओर लेकर चल रही है जिस दिशा में चुनाव का माहौल बनता है। यहां अन्य राजनीतिक दल भी हैं लेकिन हल्की सर्दी के इस मौसम में चुनावी पसीना भाजपा ही बहा रही है। उसके कार्यकताओं की फौज हर बूथ पर आ गई है। उसके मंत्रियों ने मोर्चा संभाल लिया है और सबसे बड़ी बात ये है कि खुद सीएम और डिप्टी सीएम शहर विधानसभा उपचुनाव में लगातार जनसभाएं कर रहे हैं, रोड शो कर रहे हैं। चुनाव तिथि एक्सटेंशन होने के बाद भी भाजपा के इलेक्शन वाले जोश में कमी नहीं आई है।

वो क्षेत्र को भोगौलिक स्थितियों के आधार पर बांटकर चुनाव लड़ रही है और सबसे बड़ी बात ये है कि उसने मतदाता के मनोविज्ञान को भांपा है और हर क्षेत्र में आबादी के हिसाब से अपने नेताओं को लगाया है। लाइनपार क्षेत्र में एक बड़ी आबादी पूर्वांचल क्षेत्र की है। गुरुवार को यहां उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक आए। ब्रजेश पाठक छात्र संघ के जमाने से सियासत में हैं और वो पब्लिक नब्ज जानते हैं। जब उन्होंने माइक संभाला तो वो जानते थे कि सामने बैठे भीड़ में पूर्वांचल समाज के लोग बैठे हैं। यहां उन्होंने बाई इलेक्शन के मंच से भाषाई कनेक्शन को जोड़ा और वो सीधा पूर्वांचली भाषा में जनता से रूबरू हुए। उसी लहजे में अपनी बात रखी और कहा कि मैं लखनऊ में बैठकर आपके चरणों में वंदन करता हूं और यकीन मानिए कि संजीव शर्मा को जब आप जिताकर भेजेंगे तो ये आपके चरणों में वंदन करते हुए गाजियाबाद की आवाज को विधानसभा में उठाएंगे।

उन्होंने कहा कि संजीव शर्मा मृदुभाषी हैं और ये टिकट कार्यकर्ता का टिकट है। उन्होंने कहा कि मैं आप लोगों को ये गारंटी देता हूं कि संजीव शर्मा एक बेहतरीन विधायक साबित होंगे। हर आम व्यक्ति के विधायक होंगे। ये एक बेहतरीन कार्यकर्ता हैं और हमें इस बात की खुशी है कि भाजपा ने अपने कार्यकर्ता को टिकट दिया है। ब्रजेश पाठक ने जब छठी मैया की जय के साथ अपना भाषण देते हुए भाजपा उम्मीदवार संजीव शर्मा का हाथ उठाकर कहा कि आप सब संजीव शर्मा को जिताओ और विकास की गारंटी मैं लेता हूं। ब्रजेश पाठक के इस अंदाज को अकबरपुर बहरामपुर में सराहा गया और यहां भाजपा जिंदाबाद के नारे सुनाई दिये।

### मंच पर रहे भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष सहित ये नेता भी मौजूद

मंच पर भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र शिशौदिया ने भी अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि भाजपा उम्मीदवार संजीव शर्मा ने पांच साल संगठन की सेवा की है। वो कार्यकताओं से मधुर संबंध बनाकर रखते हैं। उनका टिकट कार्यकर्ता का टिकट है और उन्होंने कहा कि मुझे पूरी उम्मीद है कि सभी कार्यकर्ता मिलकर अपने बीच के कार्यकर्ता को इतने वोटों से चुनाव जिताएंगे कि नौ सीटों में गाजियाबाद की शहर सीट पहले नंबर आएगी। प्रदेश महामंत्री और क्षेत्रीय प्रभारी सुभाष यदुवंशी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में जनता योगी के विकास मॉडल को पसंद कर रही है। वो पीएम मोदी की जनकल्याणकारी नीतियों को समर्थन दे रही है। मंच पर मुख्य रूप से मौजूद नेताओं में पूर्व मेयर अशु वर्मा, पूर्व एमएलसी सुरेश कश्यप, कैबिनेट मंत्री कुंवर ब्रजेश सिंह, जिला अध्यक्ष सतपाल प्रधान, महामंत्री पप्पू पहलवान, सुनील यादव तथा अन्य स्थानीय पदाधिकारी मुख्य रूप से मौजूद थे।

### जब डिप्टी सीएम ने कहा- भाजपा नहीं है परिवारवाद की पार्टी

डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने अकबरपुर बहरामपुर में विपक्षी दलों पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सभी राजनीतिक दल परिवारवाद की मिसाल हैं। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी में पहले मुलायम सिंह और फिर उनके बेटे अखिलेश यादव मुख्यमंत्री बनें। समाजवादी पार्टी ने यादव परिवार के सदस्यों को लोकसभा विधानसभा और विधानपरिषद तथा राज्यसभा में भेजने का प्रावधान है। यह परिवारवाद नहीं तो और क्या है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के राहुल गांधी 58 के हो गए हैं और शादी नहीं की है, लेकिन प्रियंका गांधी के बच्चे कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनेंगे। महाराष्ट्र में ठाकरे परिवार राजनीति में परिवारवाद की पहचान है लेकिन भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जहां कार्यकर्ता को टिकट मिलता है, कार्यकर्ता विधायक बनता है। भाजपा सही मायनों में कार्यकताओं की पार्टी है।

### भाजपा ने दी है शिक्षा से लेकर सड़क तक विकास की सौगात

उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने पिछली सरकारों पर निशाना साधा और कहा कि तब विकास के नाम पर 14 या 15 मेडिकल कॉलेज थे। आज भाजपा के शासनकाल में 65 से ज्यादा मेडिकल और पैरामेडिकल की स्थापना हुई है। ब्रजेश पाठक ने महिला सुरक्षा पर अपने विचार रखे और कहा कि एक्सप्रेस-वे मेरठ से लखनऊ तक बनेगा और यह क्षेत्र की सबसे बड़ी सौगात होगा।








▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा टपलू भैया ने फिर से कर तो ली है भाजपा ज्वाईन? मगर अभी तक भगवा कमांडर से नहीं हुआ है उनका मामला फाईन? अब हमारी है बजरिया पर नजरिया? जब निकलेगा यहां से कमांडर का अंतिम रोड-शो, तब क्या रहेगा टपलू भैया का किरदार? रोड शो में उनको कोई जिम्मेदारी दी जायेगी या फिर तैयारियों से दूर रखने का है कोई विचार?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि यूं तो भाजपा में सुनाई देता है कई महिला कार्यकर्ताओं की सक्रियता का नाम? मगर जहां पर हम आपको लीक से हटकर नजर आने वाली महिला नेता का नाम? वो हर कार्यक्रम में देतीं हैं मजबूती से दस्तक? हर आयोजन में नजर आता है कि बिना ऐबसेंट के उनका मस्तक? कहने वाले ने कहा ऐसी नेता किरन सिंह को पार्टी कब देगी प्रमुख भूमिका वाला किरदार? भविष्य में महिला मोर्चा से लेकर नामित वाली सूची में भी होना चाहिए इस नाम पर विचार?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जब आप डालोगे भगवा चुनाव कार्यालय के गेट पर लगे होर्डिंग पर नजर? तो इस होर्डिंग पर आपको बहुत सारे नजर आयेंगे बिखरे हुए इधर से उधर? इस होर्डिंग पर पार्टी ने दिया है वरिष्ठ चेहरों का पैगाम? मगर लगता है इस होर्डिंग पर पार्टी के कर्मठ कार्यकर्ता कश्यप जी का फोटो लगाने वाले लगाना भूल गये हैं श्रीमान? हो सकता है यही वजह हो कि नहीं हो रहे उनके अब तक चुनाव कार्यालय पर दीदार? हमें समझ नहीं आ रहा कश्यप जी के प्रति चुनाव संचालन वाला ये प्यार?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा गुरू जी को आजकल खूब सता रही है पूर्व ब्राह्मण विधायक के स्वास्थ्य की चिंता? वो कहीं पर कर रहे थे अपने मन की बात? कह रहे थे उनका वजन आजकल कुछ कम हो रहा है? पता नहीं इसके पीछे क्या कारण है साहब? कहने वाले ने कहा गुरू जी को इस बात की जानकारी? पूर्व विधायक का मामला स्वास्थ्य को लेकर है बिल्कुल भारी? किसी ऑपरेशन की वजह से हुआ है उनका वेट लॉस? वो गुरू जी से ज्यादा छक्के मारने की ताकत रखते हैं? एक बारी मैदान पर आकर गुरू जी करें तो सही टॉस?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम एक समाजिक कार्यक्रम से गुजर रहे थे यार? तभी हमें यहां पर हो गये रेखा पार के शुक्ला जी के दीदार? हमने उनसे पूछी भगवा चुनाव को लेकर जिम्मेदारी की बात? ये शब्द सुनकर उनके चेहरे पर आ गई मुस्कुराहट? उन्होंने कहा वो कार्यकर्ता हैं जो जिम्मेदारी के बिना भी करते हैं काम? हमें कमल को चुनाव लड़ाना है, क्योंकि उसे ही हम अपना प्रत्याशी मानते हैं श्रीमान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि इस बात में कोई शक नहीं कि भाजपा के मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी मेहनत करते हैं बहुत भारी? पार्टी के हर छोटे-बड़े कार्यक्रम की वो करते हैं विज्ञप्तियां जारी? भगवा कमांडर के चुनाव में भी उन्होंने मजबूती से संभाली हुई है पारी? देखना अब ये है कि जब पार्टी के पक्ष में रिजल्ट आयेगा, तब भगवा कमांडर मिस्टर चौधरी के प्रति कितनी निभायेंगे जिम्मेदारी? क्या आने वाली कोर की बैठक में वो मजबूती से रखेंगे चौधरी का नाम? क्या नामित वाला तोहफा उन्हें मेहनत की ऐवज में मिलेगा श्रीमान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि बॉडी बिल्डिंग का शौक रखने वाले रालोद के चौधरी नेता करते हैं हमेशा खरी-खरी बात? जैसे ही चर्चा पार्टी के एकमुश्त सरदार के नाम पर चली? तब आ गई उनके चेहरे पर मुस्कुराहट? उन्होंने कहा हम सरदार जी की वर्किंग के है बहुत ज्यादा कायल? वो अपनी शॉप से ही कर देते हैं पार्टी का सारा काम? जितने भी वो लैटर टाईप करते हैं उसे वहीं से व्हाट्सऐप करते हैं श्रीमान? उनकी इस मेहनत ने लूट लिया है हमारा दिल? सच बताऊं ऐसा नेता किस्मत से दलों को मिलता है और जीत लेता है सबका दिल?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि यूं तो चल रहे हैं विधानसभा के उपचुनाव? मगर नदिया पार के भगवा पार्षद पूरे धीरज से देख रहे हैं इस बीच महानगर अध्यक्ष बनने के ख्वाब? हाल ही में उन्होंने की है बहुत सारे चेहरों से मुलाकात? कराया है सभी को पार्टी के पुराने और कर्मठ कार्यकर्ता होने का एहसास? दिया है देने वालों को संदेश, हम भी अध्यक्ष बनने के लिए पूरी क्वालिफिकेशन रखते हैं? मेहनती बहुत होते हैं नदिया पार के फेस?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं बैठा था कहीं पर और वहां पर हो रही थी चर्चाएं बेहिसाब? कहने वाले कह रहे थे कि अगर नदिया पार के ओबीसी चेहरे ने दिखाया होता लगाव? तो उनको भी हर मंच पर रेड फेस मैन की तरह होता भाव? मगर ये भी सच है कि हर बादल बारिश करे, ये नहीं है जरूरी? उन्होंने बनाई होंगी दूरियां? कुछ तो रहीं होंगी इन दूरियों के पीछे की मजबूरी? जब नेतृत्व की होती है अपने हाथ में कमान? तो फिर एक झटके में नहीं बदला जा सकता है श्रीमान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम बैठे थे भाजपा के वरिष्ठ नेता के नजदीक? उनके शब्द करा रहे थे जनरली क्यों फोटो फ्रेम से आउट हुआ, इस बात की तस्दीक? वो कह रहे थे जब वो थे पूरी ताकत से गाजियाबाद में मौजूद? यहां पर सबसे भारी था उनका वजूद? उस वक्त जितने भी उनके होर्डिंग लगे, उन पर नहीं मिला गाजियाबाद के किसी स्थानीय नेता के फोटो को स्थान? अगर आज हम उसी परिपाटी पर चल रहे हैं? तो फिर उनके समर्थक क्यों हो रहे हैं परेशान?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

### दैनिक करंट क्राइम की खबर पर आया पूर्व पार्षद हिमांशु लव का बयान

# पैसे बंटेंगे तो सड़कें ऐसे ही फटेंगी



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** दैनिक करंट क्राइम की सड़क वाली खबर को लेकर पूर्व पार्षद हिमांशु लव का कड़क बयान आया है। उन्होंने निगम की व्यवस्था पर सवाल उठाया और कहा कि नगर निगम का भ्रष्टाचार ना कभी खत्म हुआ है और ना कभी खत्म होगा। गौरतलब है कि दैनिक करंट क्राइम ने वसुंधरा के एक वार्ड की सड़क का मामला लाइव दिखाया था ये बताया था कि सड़क रोडी और तारकोल से बनी, लेकिन वो एक छोटे से डंडे से उखड़ गई थी। नगर निगम के पूर्व पार्षद हिमांशु लव ने इस खबर पर अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि मुझे समाचार पत्र के माध्यम से पता चला कि गाजियाबाद नगर निगम द्वारा जो सड़कें बनाई जा रही हैं वह बनने के तुरंत बाद ही उखड़ जाती है। उन्होंने कहा कि वहां के पार्षद गुणवत्ता की दुहाई दे रहे हैं परंतु गाजियाबाद नगर निगम में व्याप्त भ्रष्टाचार को कोई नहीं देख रहा है। हिमांशु लव ने कहा कि मैंने अपने पार्षद कार्यकाल में कई बार नगर आयुक्त, महापौर तथा नगर विकास मंत्री को इन बातों से अवगत कराया था कि नगर निगम में 27 प्रतिशत कमीशन लिया जाता है। इसके अलावा 15 से 20 प्रतिशत बिलो टेंडर होते हैं। अब तो शायद वो 30 प्रतिशत बिलो तक पहुंच गए हैं। 15 प्रतिशत ठेकेदार को भी अपनी कमाई करनी है, क्योंकि वह पहले पैसा लगाता है। फिर वो रिश्वत के रूप में कमीशन लेता है, फिर उसका बिल बनता और उसके बाद भी छह से बारह महीनों तक उसका भुगतान नहीं मिल पाता है।


नदिया पार के भगवा पार्षद का उस समय अंदाज हो गया कड़क
जब पार्षद की चैकिंग मे चद्दर की तरह फट गई सड़क

ऐसी स्थिति में वर्तमान के निगम पार्षद गुणवत्ता की अपेक्षा कैसे कर सकते हैं। जब 27 प्रतिशत कमीशन, 20 से 25 प्रतिशत बिलो टेंडर, 10 से 15 प्रतिशत ठेकेदार का मुनाफा होगा तो मौके पर 30 से 35 प्रतिशत लागत ही लगेगी। ऐसे में गुणवत्ता की अपेक्षा करना शायद न्यायसंगत नहीं होगा। पूर्व पार्षद हिमांशु लव ने कहा कि नगर निगम का भ्रष्टाचार ना कभी खत्म हुआ है और ना कभी खत्म होगा। भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिये पहले सभी को अपना लालच छोड़ना होगा। उन्होंने कहा कि योगी जी का नारा है 'बटोगे तो कटोगे' वो यहां पर बिल्कुल फिट बैठता है कि पैसे बंटेंगे तो सड़कें ऐसे ही फटेंगी।

### बजरिया से निकलेगा भाजपा का परंपरागत चुनावी रोड शो

# दुर्गा भाभी चौक पर होगा 18 नवंबर को समापन

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा अपने चुनाव प्रचार को लाइनपार से लेकर शहर के बीच बाजार तक लेकर आ गई है। उसके कार्यकर्ता बाजारों में है, उसके कार्यकर्ता गली-मोहल्लों में हैं। विधानसभा चुनाव में सीएम और डिप्टी सीएम सड़कों पर रोड शो कर रहे हैं। कैबिनेट मंत्री सहित कई मंत्री शहर में डेरा डाले हुए हैं। बताया जाता है कि 18 नवंबर को भाजपा अपने चुनाव प्रचार का समापन बजरिया से रोड शो निकालकर नवयुग मार्किट के शहीद पथ तक करेगी। 18 नवंबर शहर विधानसभा उपचुनाव में प्रचार की अंतिम तिथि है। शाम पांच बजे के बाद चुनाव प्रचार थम जाएगा।



शहर से निकलने वाला ये रोड शो भाजपा के लिये चुनावी गुडलक माना जाता है। भाजपा अपने लोकसभा चुनाव में, विधानसभा चुनाव में और निगम के मेयर चुनाव में इस रोड शो को निकालती आई है और इस बार विधानसभा उपचुनाव में उसने यही रूट चुना है। 18 नवंबर को भाजपा का चुनावी रोड शो बजरिया से शुरू होगा। मुख्यमंत्री के रोड शो के बाद भाजपा का ये चुनावी रोड शो महत्वपूर्ण माना जाता है। बताते हैं कि ये रोड शो बजरिया से शुरू होगा और शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए नवयुग मार्किट स्थित शहीद पथ पर पहुंचेगा। इस दौरान इस रोड शो का कई स्थानों पर स्वागत होगा। बताते हैं कि इस रोड शो में 70 से ज्यादा स्वागत प्वाइंट बनाए गए हैं।

यहां से जब भाजपा उम्मीदवार संजीव शर्मा का रोड शो निकलेगा तो इस रोड शो वाले रथ पर भाजपा उम्मीदवार संजीव शर्मा के साथ लोकसभा सांसद अतुल गर्ग, कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, मेयर सुनीता दयाल, राज्यमंत्री नरेंद्र कश्यप सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। रोड शो का स्वागत कई स्थानों पर व्यापारी करेंगे। इस रोड शो को भाजपा का परंपरागत रोड शो कहा जाता है और भाजपा इस रोड शो के जरिए शहर में अपने चुनावी प्रचार का अंतिम बाण चलाएगी।

# मकनपुर में लोगों ने संभाल लिया तालाब को साफ रखने का मोर्चा

## खुद दे रहे हैं पहरा और कूड़ा फेंकने वालों पर दो हजार का जुर्माना



### मकनपुर की जनता ने दिया सामाजिक संदेश, आम जन की भी होती है पर्यावरण को सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** जनता बदलाव का सबसे बड़ा संवाहक होती है। जब जनता बदलने पर आती है तो वो निजाम बदल देती है। जब जनता बदलाव पर आती है तो वो सारे इंतजाम बदल देती है। कोई भी कानून जनता से बड़ा नहीं होता है और जब जनता कानून बनाती है तो फिर उसका पालन भी करवाती है। पर्यावरण को लेकर अब जनक्रांति आई है और ये बात लोगों की समझ में आई है कि पर्यावरण को सुरक्षित रखने की सबसे बड़ी जिम्मेदारी हमारी है। मकनपुर क्षेत्र में तालाब के जीर्णोद्धार से इसकी शुरूआत हुई है। सबसे खास बात ये है कि ये शुरूआत किसी प्रशासन या प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने नहीं की है, ये शुरूआत नगर निगम ने भी नहीं की है, ये शुरूआत खुद गांव समाज के लोगों ने की है। बताया जाता है कि मकनपुर क्षेत्र में एक पुराना तालाब है। इस तालाब में कई लोग कूड़ा डाल रहे थे जिससे तालाब धीरे-धीरे कूड़े स्थल में तब्दील हो रहा था। मकनपुर के लोगों ने गांव के इस तालाब को बचाने का बीड़ा उठाया। यहां के स्थानीय पार्षद राधेश्याम त्यागी भी लोगों के साथ आए और जिस तालाब का सौंदर्यीकरण सरकारी संस्थाओं को करना है उस तालाब को कूड़े से बचाने के लिये स्थानीय लोग आ गए। यहां पर बाकायदा बोर्ड लगाया गया और अब यहां जनता का पहरा लगता है। जनता का ऐलान हो गया है कि अगर यहां कोई कूड़ा डालता पकड़ा जाएगा तो उस पर जुमार्ना लगेगा। खास बात ये है कि रात के अंधेरे में कोई कूड़ा ना डाल दें तो इसके लिए भी इंतजाम किये गए।

### फर्ज है बताना, कूड़ा डाला तो वसूल लेंगे दो हजार का जुर्माना

तालाब के बाहर बोर्ड लगा दिया गया है। ये बोर्ड नगर निगम या अन्य किसी सरकारी संस्था का नहीं है। ये बोर्ड गांव समाज के लोगों ने लगाया है और यहां सीधे-सीधे बता दिया गया है कि अगर कोई भी व्यक्ति यहां कूड़ा डालते पाया गया तो दो हजार का रुपए का जुमार्ना लगेगा। बड़े शब्दों में अंकित किया गया है ताकि कोई ये ना कह सके कि उसे पता नहीं था।

यहां लोग डंडा लेकर खड़े हैं। हालांकि इस डंडे से वो किसी को भयभीत नहीं कर रहे हैं, लेकिन जुमार्ने के नये फंडे का संकेत दे रहे हैं। लोगो ने जुमार्ने के राशि भी खुद तय की है और वो इसे खुद वसूलेंगे भी। लिहाजा जो लोग कूड़ा डाल रहे हैं वो लोग सावधान रहें।







### सिक्योरिटी है टाइट, लगवा दी है हाईमास्ट लाइट

क्षेत्रीय पार्षद राधेश्याम त्यागी भी इस मुहिम में जनता के साथ है। वो भी यहां स्थानीय लोगों के साथ बैठते हैं और तालाब को बचाने का संदेश दे रहे हैं। पार्षद राधेश्याम त्यागी ने कहा कि क्षेत्र के तालाब को बचाना हम सबकी जिम्मेदारी है। इसके लिए हमने निगरानी भी टाइट कर दी है। तालाब के मैन गेट पर हाईमास्ट लाइट लगवाई गई है। ताकि कोई व्यक्ति रात के अंधेरे में यहां कूड़ा ना डाले। इसके अलावा सभी लोग सहयोग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि सभी लोग अपने-अपने क्षेत्र में तालाब नदी और पेड़ों की सुरक्षा मिलकर करेंगे तो हम पर्यावरण की रक्षा करने में सक्षम रहेंगे।

## संपादकीय

# यूरिया उत्पादन में वृद्धि

देश में यूरिया उत्पादन में उल्लेखनीय बढ़ोतरी को देखते हुए अगले वर्ष से इसके आयात की आवश्यकता नहीं होगी. केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्री मनसुख मंडाविया ने कहा है कि घरेलू उत्पादन से मांग और आपूर्ति की खाई पाटने में मदद मिली है, इसलिए 2025 के अंत तक यूरिया का आयात बंद कर दिया जायेगा. वर्ष 2021 के बाद से यूरिया, जो हमारे देश में प्रमुख उर्वरक के रूप में खेती में इस्तेमाल किया जाता है, का आयात में कमी के रुझान रहे हैं. वित्त वर्ष 2021-22 में 91.36 लाख टन यूरिया का आयात हुआ था, जो 2022-23 में घटकर 75.8 लाख टन हो गया. पिछले वित्त वर्ष में अप्रैल से नवंबर 2023 की अवधि में 47.65 लाख टन यूरिया दूसरे देशों से खरीदा गया था. हमें घरेलू मांग की पूर्ति के लिए हर साल लगभग 350 लाख टन यूरिया की आवश्यकता होती है।

पांचवें संयंत्र के चालू हो जाने के बाद भारत की यूरिया उत्पादन क्षमता 325 लाख टन हो जायेगी. जो शेष आवश्यकता है, उसे वैकल्पिक उर्वरक नैनो लिक्विड यूरिया के उपयोग से पूरा किया जायेगा. सरकार का आकलन है कि नैनो लिक्विड यूरिया के इस्तेमाल से भारत 15-20 हजार करोड़ रुपये की बचत कर सकता है. सरकार की कोशिश है कि वैकल्पिक उर्वरकों का उपयोग बढ़े ताकि रासायनिक उर्वरकों पर हमारी निर्भरता कम हो सके. बीते कई दशकों से ऐसे उर्वरकों के इस्तेमाल से कृषि उत्पादन में बहुत अधिक बढ़ोतरी हुई है, लेकिन रसायनों का नकारात्मक असर भी मिट्टी और फसलों पर पड़ा है. इस असर को कम करने में वैकल्पिक उर्वरक मददगार साबित हो सकते हैं। नैनो लिक्विड यूरिया के अलावा सरकार नैनो लिक्विड डीएपी को भी बढ़ावा दे रही है. इसके अलावा, खेती करने के तौर-तरीकों और फसल चक्र में बदलाव की कोशिशें भी हो रही हैं. फसलों को भी बदलने की प्रक्रिया चल रही है. लेकिन लंबे समय तक रासायनिक उर्वरकों की आवश्यकता बनी रहेगी. इसीलिए सरकार ने बंद पड़े यूरिया के चार संयंत्रों को फिर से चालू किया है तथा एक संयंत्र में जल्दी ही उत्पादन शुरू हो जायेगा. आयात पर निर्भरता कम होने से विदेशी मुद्रा की बचत भी होगी और यूरिया की कीमतों को स्थिर रखने में भी मदद मिलेगी. उल्लेखनीय है कि यूरिया का आयात पूरी तरह से सरकार द्वारा नियंत्रित है. बजट में उर्वरकों पर अनुदान देने की व्यवस्था की जाती है ताकि किसानों पर आर्थिक बोझ न बढ़े, फिर भी उर्वरकों और उनके निर्माण से संबंधित वस्तुओं के आयात करने से कीमतों पर पूरा नियंत्रण संभव नहीं होता. उल्लेखनीय है कि बीते दिसंबर में भारत ने उर्वरकों के वैश्विक आपूर्तिकताओं को चेतावनी दी थी कि वे अनाप-शनाप मुनाफा बनाने की कोशिश न करें. यूरिया आयात बंद होना एक बड़ी उपलब्धि होगी।

# आर्मी, वायु सेना और नौसेना के कुछ कर्मियों के लिए बोनस की घोषणा

## 40 दिन का वेतन मिलेगा



**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने पात्र रक्षा नागरिक कर्मचारियों के लिए बोनस की घोषणा की है। सरकार 40 दिनों का बोनस देगी। संपूर्ण व्यय वित्तीय वर्ष 2024-2025 के लिए स्वीकृत बजट अनुदान से और बिना किसी अतिरिक्त लागत के पूरा किया जाना है। यह आदेश, वित्त मंत्रालय (व्यय विभाग) की सहमति से जारी किया गया है। रक्षा मंत्रालय ने भारतीय सेना, वायु सेना और नौसेना के पात्र रक्षा नागरिक कर्मचारियों के लिए बोनस की घोषणा की है। इसके तहत 40 दिन के वेतन का भुगतान किया जाएगा। इस बोनस को 'उत्पादकता से जुड़ा बोनस' (पीएलबी) कहा जाता है। वित्तीय वर्ष 2023-2024 के लिए तीनों सेनाओं के सभी पात्र जीपी 'बी' (अराजपत्रित) और जीपी 'सी' (अराजपत्रित) कर्मचारी, जो लेखा वर्ष 2023-2024 के लिए पीएलबी योजना के अंतर्गत आते हैं, उन्हें बोनस का फायदा मिलेगा। रक्षा मंत्रालय ने वित्तीय वर्ष 2023-2024 के लिए सेना आयुध कोर (एओसी) / भारतीय सेना के पात्र रक्षा नागरिक कर्मचारियों के लिए उत्पादकता से जुड़े बोनस की घोषणा की है। एओसी/भारतीय सेना के पात्र औद्योगिक नागरिक कर्मचारियों को वित्तीय वर्ष 2023-2024 के लिए बतौर उत्पादकता से जुड़े बोनस (पीएलबी) के रूप में 40 दिनों के वेतन का भुगतान किया जाएगा। एओसी/भारतीय सेना के सभी पात्र जीपी 'बी' (अराजपत्रित) और जीपी 'सी' (अराजपत्रित) कर्मचारी, जो लेखा वर्ष 2023-2024 के लिए पीएलबी योजना के अंतर्गत आते हैं, उन्हें बोनस का फायदा मिलेगा। 7000/- रुपये (700040/30.4) की गणना सीमा और पीएलबी योजना के अन्य नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी।

कैजुअल मजदूर को लेखांकन वर्ष 2023-2024 के लिए 'पीएलबी', 1200 रुपये प्रति माह (120040/30.4) की अनुमानित मजदूरी पर भुगतान किया जाएगा। हालांकि, ऐसे मामलों में जहां वास्तविक मजदूरी 1200/- रुपये प्रति माह से कम हो जाती है, राशि की गणना वास्तविक मासिक मजदूरी पर की जाएगी। अन्य शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी। इस खाते पर हुआ व्यय, संबंधित शीर्षों के तहत रक्षा सेवा अनुमानों से डेबिट किया जाएगा, जिसमें इन कर्मचारियों के वेतन और भत्ते डेबिट किए जाते हैं। पीएलबी के भुगतान पर संपूर्ण व्यय वित्तीय वर्ष 2024-2025 के लिए स्वीकृत बजट अनुदान से और बिना किसी अतिरिक्त लागत के पूरा किया जाना है। पीएलबी बोनस देने का यह आदेश, वित्त मंत्रालय के व्यय विभाग की सहमति से जारी किया गया है।

भारतीय वायु सेना के पात्र औद्योगिक नागरिक कर्मचारियों के लिए उत्पादकता से जुड़ा बोनस (वित्तीय वर्ष 2023-2024) घोषित किया गया है। वायु सेना के पात्र औद्योगिक नागरिक कर्मचारियों को वित्तीय वर्ष 2023-2024 के लिए पीएलबी के रूप में 40 दिन के वेतन के भुगतान को राष्ट्रपति की मंजूरी मिली है। बोनस (पीएलबी) के रूप में 40 दिनों के वेतन का भुगतान किया जाएगा। भारतीय वायु सेना के सभी पात्र जीपी 'बी' (अराजपत्रित) और जीपी 'सी' (अराजपत्रित) कर्मचारी, जो लेखा वर्ष 2023-2024 के लिए पीएलबी योजना के अंतर्गत आते हैं।

# जीडीपी रैंकिंग में 2025 तक जापान से आगे निकल जाएगा भारत




**नई दिल्ली।** भारत जल्द जापान को पछाड़ कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। गुरुवार को जापानी मीडिया की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। जापान टाइम्स में प्रकाशित यह आर्टिकल जापान के कुछ अर्थशास्त्रियों के साथ चर्चा पर आधारित है, जिसमें कैपिटल इकोनॉमिक्स के एशिया-प्रशांत प्रमुख मार्सेल थिएलियंट भी शामिल हैं। रिपोर्ट में थिएलियंट के हवाले से बताया गया कि हमारे ताजा अनुमानों के मुताबिक, हमें उम्मीद है कि भारत सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 2026 तक जापान को पछाड़ देगा। हालांकि, हाल की घटनाओं के बाद पूवार्नुमानों की समीक्षा की जा रही है। आर्टिकल में बताया कि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) का मानना है कि 2025 में भारत जीडीपी में जापान को पीछे छोड़ देगा। एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स के मुताबिक, ऐसा 2030 में हो सकता है। अर्थशास्त्रियों के अनुसार, जो कारक भारत के पक्ष में काम कर रहे हैं, वह यह है कि देश 2000 के बाद से आर्थिक क्षमता के मामले में लगातार आगे बढ़ा है और इसकी जीडीपी 2022 में पहले ही यूके से आगे निकल गई है।

भारत डॉलर की जगह अब अपने रुपये का उपयोग करके 27 देशों के साथ व्यापार करता है जो वैश्विक व्यापार में इसके बढ़ते प्रभाव को उजागर करता है। उन्होंने आगे कहा कि वैश्विक डिजिटल लेनदेन में भी देश की हिस्सेदारी 46 प्रतिशत है। भारत की जनसंख्या वृद्धि और युवा आबादी आर्थिक विस्तार के प्रमुख चालक हैं। आईएमएफ का अनुमान है कि 2025 तक भारत की जीडीपी 4.339 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है, जो जापान के 4.310 ट्रिलियन डॉलर से अधिक है। यह आउटलुक भारत के मजबूत विकास पथ को रेखांकित करता है और जापान पर महत्वपूर्ण बढ़त दशार्ता है। अर्थशास्त्रियों का कहना है कि दूसरी ओर जापान लगातार मंदी और दशकों से चली आ रही अपस्फीति से जूझ रहा है। जापान की मुसीबतें उसकी बढ़ती आबादी और विभिन्न क्षेत्रों में कम उत्पादकता के कारण बढ़ी हैं। कमजोर येन भी इस रैंकिंग में जापान की स्थिति को काफी प्रभावित करता है। इसके अलावा परिवर्तन और डिजिटलीकरण के विरोध के कारण जापान में संरचनात्मक सुधार विफल हो गए हैं। लंबे समय से कार्यरत कर्मचारी अकसर नए तरीकों के बजाय पारंपरिक तरीकों को प्राथमिकता देते हैं। दशकों के ठहराव के बाद भी 2023 में जापान की विकास दर 1.9 प्रतिशत थी। आईएमएफ का अनुमान है कि 2024 में यह केवल 0.3 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी। चीन और जर्मनी की अर्थव्यवस्थाएं पहले ही जापान से आगे निकल चुकी हैं। 2010 तक जापान दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था था। एक वरिष्ठ आधिकारी का कहना है कि पिछले दशक में एक आर्थिक ताकत के रूप में बहुपक्षीय कूटनीति और वैश्विक और क्षेत्रीय सुरक्षा में भारत का प्रभाव देश की प्रगति का संकेत है।

# एक दशक में 50 लाख रुपये से अधिक कमाने वालों के आयकर रिटर्न की संख्या 5 गुणा बढ़ी




**नई दिल्ली।** भारत में 50 लाख रुपये से अधिक की वार्षिक आय वाले लोगों की संख्या में बीते कुछ वर्षों में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। आयकर विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, भारत में 50 लाख रुपये से अधिक की वार्षिक आय वाले व्यक्तियों की संख्या 2023-24 में बढ़कर 9.39 लाख से अधिक हो गई है, जो 2013-14 में 1.85 लाख से पांच गुणा अधिक है। 50 लाख रुपये से अधिक आय वाले व्यक्तियों की आयकर देनदारी भी 2014 में 2.52 लाख करोड़ रुपये से तीन गुणा बढ़कर 2024 में 9.62 लाख करोड़ रुपये हो गई है। वरिष्ठ अधिकारियों का मानना है कि 50 लाख रुपये से अधिक की वार्षिक आय वाले आईटीआर दाखिल करने वालों की संख्या में वृद्धि मोदी सरकार द्वारा कर चोरी विरोधी के कड़े उपाय की वजह से दर्ज हुई। व्यक्तियों द्वारा दाखिल आयकर रिटर्न की संख्या में वृद्धि हुई है, जो 2013-14 में लगभग 3.60 करोड़ से बढ़कर 2023-24 में 7.97 करोड़ हो गई है। यह दशक भर में 121 प्रतिशत की शानदार वृद्धि और मजबूत राजकोषीय स्थिति को दशार्ती है। प्रत्यक्ष करों को धन जुटाने का एक अच्छा तरीका माना जाता है क्योंकि उच्च आय वाले लोगों को कम आय वाले लोगों की तुलना में अधिक कर देना पड़ता है। अधिकारियों ने यह भी बताया कि पिछले 10 वर्षों के दौरान 20 लाख रुपये से कम आय वाले व्यक्तियों पर कर का बोझ कम हुआ है। 10 लाख रुपये से कम आय वाले करदाताओं से आयकर संग्रह का प्रतिशत 2014 में चुकाए गए कुल कर का 10.17 प्रतिशत से घटकर 2024 में 6.22 प्रतिशत रह गया है। 2014 से पहले 2 लाख रुपये से अधिक आय वाले व्यक्तियों को आयकर देना पड़ता था। हालांकि, मोदी सरकार द्वारा घोषित विभिन्न छूटों और कटौतियों के कारण, 7 लाख रुपये तक की आय वाले व्यक्तियों को कोई कर नहीं देना पड़ता है। इससे लोगों के हाथों में वस्तुओं और सेवाओं पर खर्च करने के लिए अधिक डिस्पोजेबल आय हुई है, जो बदले में आर्थिक विकास को बढ़ावा देती है। एक वरिष्ठ निजी क्षेत्र के कार्यकारी ने कहा कि यह अर्थव्यवस्था में उपलब्ध बेहतर और अधिक उच्च वेतन वाली नौकरियों का भी संकेत है।

## राशिफल

**मेष:** रोजगार प्राप्त होगा। ऐश्वर्य के साधन जुटेंगे। संपत्ति के बड़े सौदे हो सकते हैं। बड़ा लाभ होगा। नौकरी में प्रमोशन मिल सकता है। व्यवसाय ठीक चलेगा।

**वृष:** रचनात्मक कार्य पूर्ण होंगे। कार्य से लाभ होगा। पार्टी व पिकनिक का आनंद प्राप्त होगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। वरिष्ठजनों के मार्गदर्शन से लाभ में वृद्धि होगी।

**मिथुन:** चोट, चोरी व विवाद आदि से हानि संभव है। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। पारिवारिक मतभेद बढ़ सकते हैं। दूसरों की भावना का खयाल रखें।

**कर्क:** बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। अपेक्षित कार्य समय पर पूर्ण होंगे। यात्रा मनोरंजक रहेगी। सुख के साधनों पर खर्च होगा। पार्टनरों से मतभेद खत्म होंगे।

**सिंह:** क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। बुरी खबर मिल सकती है। मेहनत अधिक होगी। स्वास्थ्य प्रभावित होगा। घर-बाहर तनाव रहेगा। सामंजस्य बैठाएं।

**कन्या:** बिगड़े काम बनेंगे। प्रयास सफल रहेंगे। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। बेचैनी रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार का सहयोग मिलेगा।

**तुला:** जल्दबाजी करने व विवाद से बचें। राजकीय बाधा से सामना करना पड़ सकता है। वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। यात्रा मनोरंजक रहेगी।

**वृश्चिक:** भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। मनोरंजक यात्रा होगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी। किसी पारिवारिक कार्यक्रम में भाग लेना पड़ सकता है।

**धनु:** अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। दूसरों पर भरोसा न करें। जल्दबाजी से काम बिगड़ सकते हैं। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। मित्रों से मतभेद हो सकता है।

**मकर:** डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है। यात्रा मनोरंजक रहेगी। घर-परिवार में प्रसन्नता रहेगी। नए काम की योजना बनेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

**कुंभ:** आर्थिक नीति में परिवर्तन संभव है। कार्यस्थल पर सुधार होगा। मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। नए कार्य प्रारंभ करने का मन बनेगा। सहयोग प्राप्त होगा।

**मीन:** घर-परिवार में कोई बड़ी समस्या खड़ी हो सकती है। तीर्थयात्रा की योजना कार्यरूप लेगी। संत-महात्मा के दर्शन होंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा।

## चुटकुले

पिताजी - बेटा, जरा मेरे जूते लाना।
बेटा - पिताजी, जूता एक लाना है या दोनों?
पिताजी - पहले तो दोनों की जरूरत थी,
अब तो तू एक ही लेकर आ...!!!

---

एक सजी-धजी महिला दांत के डॉक्टर के पास गई।
महिला: एक दांत निकलवाना है, पर सिर्फ 10 मिनट में।
कोई एनेस्थेसिया, बेहोशी या दर्द की दवाई नहीं।
थोड़ा बहुत दर्द होता है, तो होने दो, पर जल्दी।
मुझे एक किटी पार्टी में जाना है...!
डॉक्टर: कमाल है...! गजब की बहादुर महिला हैं आप।
आइए यहां बेड पर लेट जाइए और दिखाइए कौन सा दांत है?
महिला (अपने पति से): जाओ लेट जाओ...
और बता दो, कौन सा दांत है...!!!

## रोचक तथ्यों का करंट

- इंसान की सबसे छोटी हड्डी कान में होती है।
- बिल्लियां अपनी जिंदगी का 66 प्रतिशत हिस्सा सोते हुए गुजारती हैं।
- स्विट्जरलैंड में दुनिया में सबसे अधिक चॉकलेट खाई जाती है। यहां हर व्यक्ति एक साल में 10 किलो के औसत से चॉकलेट खाता है।
- पैसा ऐसी पहले नंबर की चीज है जिसके बारे में जोड़े सबसे अधिक बहस करते हैं।
- जब आसमान की बिजली गिरती है तब तापमान 30,000 डिग्री तक हो सकता है।
- हर बार जब भी आप पूरा चांद देखते हैं हर बार इसकी एक ही साइड ही दिखती है।
- मिक्की माउस का इटली में नाम टोपोलिनो है।
- एक केकड़े का खून रंगहीन होता है। ऑक्सीजन मिलने के बाद यह नीला हो जाता है।
- पक्षियों को निगलने के लिए ग्रेविटी की जरूरत होती है।
- अंग्रेजी अल्फाबेट का सबसे अधिक इस्तेमाल किया जाने वाला लेटर ए है।




दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क: के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो.: 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mo. 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक: मनोज कुमार
समाचार संपादक: दीपक भाटी
संरक्षक: राकेश यादव, विवेक भाटी

# मोहम्मद शमी का शानदार कमबैक रणजी ट्रॉफी में बिखेरा गेंदबाजी का जादू



**इंदौर, 14 नवंबर।** भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने करीब एक साल बाद क्रिकेट के मैदान पर दमदार वापसी की है। उन्होंने रणजी ट्रॉफी में यादगार वापसी करते हुए होलकर स्टेडियम में चार विकेट चटकाए जिससे बंगाल ने मध्य प्रदेश पर पहली पारी में बढ़त हासिल की।

गुरुवार को 2018 के बाद से अपना पहला रणजी ट्रॉफी मैच खेल रहे 34 वर्षीय तेज गेंदबाज ने अपनी क्लास, अनुभव और भरपूर आत्मविश्वास का नजारा दिखाया। उन्होंने 19 ओवर में (4-54) के शानदार स्पैल के साथ बंगाल के लिए अपनी छाप छोड़ी।

पहले दिन एक भी विकेट नहीं चटकाने के बाद शमी ने दूसरे दिन जोरदार वापसी की। उन्होंने शुरूआत में ही मध्य प्रदेश के कप्तान शुभम शर्मा को महज आठ रन पर आउट कर दिया।

शमी की पार्टनरशिप तोड़ने और लोअर ऑर्डर को ध्वस्त करने की क्षमता पूरी तरह से देखने को मिली। एक खतरनाक स्पैल में उन्होंने सारांश जैन को बोल्ड किया और इसके बाद कुमार कार्तिकेय और कुलवंत खेजरोलिया को भी पवेलियन का रास्ता दिखाया जिससे मेजबान टीम लड़खड़ा गई।

अनुभवी तेज गेंदबाज के प्रदर्शन ने बंगाल को पहली पारी के बाद 61 रनों की महत्वपूर्ण बढ़त हासिल करने में मदद की, जिससे उनके अभियान की शुरूआत हुई। पूरी तरह अपनी लय में नहीं होने के बावजूद, शमी ने लगातार मध्य प्रदेश के बल्लेबाजों को परेशान किया।

शमी इस रणजी ट्रॉफी मैच में पांच साल के अंतराल के बाद खेल रहे हैं। बंगाल के लिए उनका आखिरी मैच नवंबर 2018 में केरल के खिलाफ एकमात्र मुकाबला था, जो भारत की ऑस्ट्रेलिया में ऐतिहासिक 2-1 टेस्ट सीरीज जीत से ठीक पहले था।

उस बॉर्डर-गावस्कर सीरीज के दौरान शमी ने 16 विकेट चटकाकर अहम योगदान दिया था। शमी अपनी फिटनेस को फिर से हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं, ऐसे में उनका रणजी में अच्छा प्रदर्शन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होने वाली बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज के लिए भारतीय टीम में वापसी का रास्ता साफ कर सकता है।

# आईपीएल नीलामी: इन टॉप-5 तेज गेंदबाजों पर रहेगी फ्रेंचाइजी की नजर

**नई दिल्ली, 14 नवंबर।** आईपीएल 2025 का ऑक्शन नजदीक आने के साथ इस मेगा इवेंट को लेकर रोमांच और बढ़ गया है। रिटेंशन लिस्ट जारी होने के बाद कई ऐसे बड़े नाम है जो इस बार ऑक्शन की लाइमलाइट होंगे। दिग्गज बल्लेबाज और स्टार ऑलराउंडर के साथ कई धाकड़ तेज गेंदबाज फ्रेंचाइजी की रडार पर होंगे। इस बार शमी, स्टार्क, रबाडा, जेम्स एंडरसन और अर्शदीप सिंह समेत कई रफ्तार के 'सुल्तान' ऑक्शन में बिकेंगे।




ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क आईपीएल 2024 में सबसे महंगे खिलाड़ी थे, जिन्हें 24.75 करोड़ मिले थे और आईपीएल 2025 की मेगा ऑक्शन में उन पर काफी बड़ी बोलियां लगने की संभावना है। दक्षिण अफ्रीका के स्टार तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा ने आईपीएल में 117 विकेट झटके हैं और आईपीएल 2025 की मेगा ऑक्शन में किसी भी टीम के लिए वह पहली पसंद हो सकते हैं। भारतीय टीम के सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाजों में से एक मोहम्मद शमी ने आईपीएल 2023 में पर्पल कैप जीती और आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी में किसी भी टीम के लिए आसान विकल्प हो सकते हैं। न्यूजीलैंड के स्टार तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट अभी भी टी20 प्रारूप में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजों में से एक हैं और आईपीएल 2025 मेगा नीलामी में किसी भी टीम के लिए एक मजबूत विकल्प हो सकते हैं। भारत के स्टार तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी में सबसे महंगे तेज गेंदबाज बन सकते हैं। बाएं हाथ के इस गेंदबाज ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सेंचुरियन टी20 मैच में शानदार प्रदर्शन किया, जिससे उन्हें आईपीएल 2025 की नीलामी में संभावित रूप से करियर-परिभाषित भुगतान मिल सकता है। आईपीएल में अपने शानदार प्रदर्शन के बावजूद पंजाब किंग्स द्वारा रिलीज किए गए बाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने 2 करोड़ रुपये के बेस प्राइस के साथ नीलामी के लिए रजिस्टर कराया है और उम्मीद है कि कई फ्रेंचाइजी उन्हें अपने साथ जोड़ने के लिए बोली लगाने की होड़ में शामिल होंगी।

# ये कप्तान सूर्या के समर्थन का फल : तिलक वर्मा

## दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज में टीम इंडिया का दमदार प्रदर्शन जारी

**सेंचुरियन, 14 नवंबर।** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज में टीम इंडिया का दमदार प्रदर्शन जारी है। भारत ने सूर्यकुमार यादव की अगुवाई में इस सीरीज में 2-1 की बढ़त बना ली है। इस बीच तीसरे मैच के हीरो रहे युवा भारतीय बल्लेबाज तिलक वर्मा ने अपने कप्तान की तारीफ करते हुए उनके मार्गदर्शन और समर्थन की सराहना की।

तिलक ने 56 गेंदों पर 7 छक्कों और 8 चौकों की मदद से नाबाद 107 रन बनाए और भारत को पहले बल्लेबाजी के लिए 219/6 का स्कोर बनाने में मदद की। जवाब में मेजबान टीम 208 रन ही बना पाई। भारत ने टी20 सीरीज में 2-1 की बढ़त हासिल कर ली है। अंतिम मैच शुक्रवार को जोहान्सबर्ग में खेला जाएगा।

शतक पर अपनी खुशी जाहिर करते हुए तिलक ने बताया कि उनके नंबर-3 पर बल्लेबाजी करने के पीछे क्या रहस्य है।

मैच के बाद प्रेजेंटेशन में तिलक ने कहा, मैं इसे शब्दों में बयां नहीं कर सकता। देश के लिए खेलना मेरा सपना था और शतक ऐसे समय पर आया जब टीम को इसकी जरूरत थी। इसका पूरा श्रेय हमारे कप्तान सूर्यकुमार यादव को जाता है। उन्होंने मुझे नंबर 3 पर बल्लेबाजी करने का मौका दिया। एक बार फिर उनका शुक्रिया।





# कुमामोटो मास्टर्स जापान : पीवी सिंधु की हार के साथ भारत का अभियान समाप्त

**कुमामोटो (जापान), 14 नवंबर।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु के लिए गुरुवार का दिन अच्छा नहीं रहा। कुमामोटो मास्टर्स जापान 2024 में एक बड़ी हार के साथ उनका सफर खत्म हो गया है। उन्हें दूसरे दौर के मुकाबले में कनाडा की मिशेल ली के खिलाफ 21-17, 16-21, 17-21 से हार झेलनी पड़ी।

विश्व रैंकिंग में 20वें स्थान पर काबिज सिंधु कनाडा की खिलाड़ी के खिलाफ पहला गेम जीतने के बाद मैच में अपनी लय कायम नहीं रख पाई और विरोधी खिलाड़ी ने कमबैक करते हुए लगातार अगले दो गेम जीते। पहला गेम हारने के बाद मिशेल ने अंतिम दो गेम में जोरदार वापसी की और यह रोमांचक मुकाबला एक घंटे 15 मिनट तक चला।

सिंधु ने दमदार शुरूआत की और पहला गेम 21-17 से अपने नाम किया। दोनों खिलाड़ियों ने शानदार नियंत्रण और सटीकता दिखाई, लेकिन



सिंधु ने अपने आक्रामक खेल का इस्तेमाल करते हुए पहले बढ़त बनाई। ब्रेक के बाद, उन्होंने दबाव बनाना जारी रखा और आखिरकार अपने चौथे गेम-पॉइंट पर पहला गेम जीत लिया।

दूसरे गेम में मिशेल ने वापसी करते हुए तेज शॉट चयन के साथ जवाब दिया और मैच पर नियंत्रण रखते हुए 21-16 से बराबरी की। इसके बाद मैच काफी रोमांचक हो गया।

अंतिम गेम रोमांचक रहा, जिसमें सिंधु ने शुरूआत में 4-1 की बढ़त बनाई और इसे 11-9 तक जारी रखा। हालांकि, ली ने इसके बाद वापसी की और मैच के अंत में उन्होंने बढ़त हासिल करते हुए 21-17 से जीत हासिल की। यह केवल तीसरी बार है जब ली ने सिंधु को पिछले कुल 13 मुकाबले में हराया है।

टूनार्मेंट में शुरूआती हार के साथ, सिंधु की 2022 में सिंगापुर ओपन के बाद अपना पहला खिताब जीतने और 24 महीने के सूखे को खत्म करने की उम्मीद और भी कम हो गई है। उनकी हार से टूनार्मेंट में भारत का अभियान खत्म हो गया है।

इससे पहले लक्ष्य सेन को पुरुष एकल के राउंड ऑफ 32 में मलेशिया के लियोंग जुन हाओ के खिलाफ 22-20, 17-21, 16-21 के स्कोर के साथ एक गेम की बढ़त गंवाने के बाद हार का सामना करना पड़ा। इसके अलावा, ट्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की महिला युगल टीम को पहले ही दौर में बाहर होना पड़ा।

# जालंधर में दिव्यांग इंडियन क्रिकेट लीग 2024 की शानदार शुरुआत, 120 दिव्यांग करेंगे प्रतिस्पर्धा

**जालंधर, 14 नवंबर।** दिव्यांग इंडियन क्रिकेट लीग 2024 की शुरूआत गुरुवार से हो चुकी है। डेफ क्रिकेट फेडरेशन के साथ साझेदारी में आयोजित इस लीग में देश भर से कुल 120 दिव्यांग क्रिकेटर प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। टूनार्मेंट गुरुवार को शुरू हुआ और इसका समापन 16 नवंबर को जालंधर स्थित पंजाब सशस्त्र पुलिस मैदान में होगा।




लीग मैच दो श्रेणियों (सुनने में बाधित और दृष्टि बाधित) में आयोजित किए जाएंगे। जिसमें 90 सुनने में बाधित और 30 दृष्टि बाधित क्रिकेटर भाग लेंगे। इस प्रतियोगिता में श्रीलंका और नेपाल के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी भी शामिल होंगे। टूनार्मेंट में आठ टीमें शामिल हैं, जिनमें से छह सुनने में बाधित टीमें हैं। साइन स्मैशर्स, डेफ डिफेंडर, यूनिटी टाइगर्स, दिव्यांग वॉरियर्स, एम्पावर डेफ ईगल्स, डेफ डाइविंग स्ट्राइकर्स और दो दृष्टि बाधित टीमें - स्पेशल किंग्स और करेजियस टाइगर्स।

टूनार्मेंट का उद्घाटन लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी के उपाध्यक्ष अमन मित्तल ने कश्मीर सिंह आईपीएस (सेवानिवृत्त अतिरिक्त महानिदेशक, सीआईएसएफ) की मौजूदगी में लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में किया। एम एफ फारूकी, आईपीएस, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, पंजाब गुरुवार के मैच के मुख्य अतिथि थे, जबकि हिमांशु अग्रवाल, आईएएस, डिप्टी कमिश्नर, जालंधर विशिष्ट अतिथि थे।

उषा इंटरनेशनल में खेल पहल और एसोसिएशन की प्रमुख कोमल मेहरा ने कहा, इस तरह के मंच वास्तव में समावेशिता और खेल भावना की आधारशिला हैं। दिव्यांग इंडियन क्रिकेट लीग के साथ साझेदारी करके अपना योगदान देने में सक्षम होने पर हम वास्तव में सम्मानित महसूस कर रहे हैं।

यह लीग न केवल प्रत्येक खिलाड़ी की अविश्वसनीय प्रतिभा और दृढ़ता का जश्न मनाती है, बल्कि हम सभी को प्रेरित भी करती है।



# रोहित-विराट ने भारतीय क्रिकेट को सुरक्षित हाथों में छोड़ा है : मोहम्मद कैफ

नई दिल्ली, 14 नवंबर । पूर्व भारतीय बल्लेबाज मोहम्मद कैफ का मानना है कि सीनियर खिलाड़ी रोहित शर्मा और विराट कोहली टी20 फॉर्मेट से संन्यास लेने के बाद युवाओं को अच्छा प्रदर्शन करते देखकर खुश होंगे। रोहित शर्मा ने इस साल जून में भारत को टी20 विश्व कप का खिताब दिलाया और कोहली के साथ इस प्रारूप से संन्यास की घोषणा की।



इन दोनों के संन्यास के बाद अभिषेक वर्मा, संजू सैमसन और तिलक वर्मा जैसे युवा खिलाड़ियों ने जिम्मेदारी संभाली और नए कप्तान सूर्यकुमार यादव के नेतृत्व में अच्छा प्रदर्शन किया।

कैफ की यह टिप्पणी तिलक के बुधवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में अपना पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय शतक लगाने के बाद आई है, जबकि अभिषेक ने 25 गेंदों में अर्धशतक जड़कर भारत को 219/6 के स्कोर तक पहुंचाया और सेंचुरियन में मैच 11 रन से जीत लिया। इससे पहले सीरीज के पहले मैच में सैमसन ने लगातार दूसरा टी20 शतक जड़ा और ऐसा करने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज बन गए।

कैफ ने एक्स पर लिखा, तिलक वर्मा, अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन को दक्षिण अफ्रीका की मुश्किल बल्लेबाजी परिस्थितियों में रन बनाते देखना विराट और रोहित के लिए शानदार होगा। जब टी20 की बात आती है, तो यह कहना गलत नहीं होगा कि उन्होंने भारतीय क्रिकेट को सुरक्षित हाथों में छोड़ दिया है। रोहित और कोहली के संन्यास के बाद भारत का टी20 अंतरराष्ट्रीय करियर बहुत आसान रहा है। ऐसा लगता है कि 2026 में अपने खिताब का बचाव करने में टीम इंडिया के सामने कोई बड़ी बाधा नहीं होगी। टी20 विश्व कप खिताब जीतने के बाद, शुभमन गिल की अगुवाई वाली भारतीय टीम ने जिम्बाब्वे को पांच मैचों की टी20 सीरीज में 4-1 से हराया। उसके बाद सूर्यकुमार को टी20 टीम का कप्तान बनाया किया गया। उनके नेतृत्व में भारत ने श्रीलंका और बांग्लादेश को 3-0 के समान अंतर से हराया।

अब दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चल रही टी20 सीरीज में भारत 2-1 की बढ़त से आगे है और सीरीज का आखिरी मैच जोहान्सबर्ग में खेलेंगे।

# पर्थ स्कॉर्चर्स ने शेष मैचों के लिए एमी जोन्स की जगह ब्रुक हॉलिडे को साइन किया

**मेलबर्न, 14 नवंबर।** पर्थ स्कॉर्चर्स ने महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) 10 के शेष मैचों के लिए ओवरसीज रिप्लेसमेंट खिलाड़ी के रूप में न्यूजीलैंड विश्व कप चैंपियन ब्रुक हॉलिडे को शामिल किया है। क्लब ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

29 वर्षीय ब्रूक स्कॉर्चर्स के अंतिम तीन डब्ल्यूबीबीएल 10 मुकाबलों के लिए इंग्लैंड की एमी जोन्स की जगह लेंगी, क्योंकि इंग्लिश विकेटकीपर-बल्लेबाज दक्षिण अफ्रीका में मल्टी-फॉर्मेट सीरीज के लिए अपनी अंतरराष्ट्रीय साथियों के साथ जुड़ने के लिए तैयार हैं।

जोन्स शुक्रवार को सिडनी थंडर के खिलाफ अपना अंतिम मैच खेलेगी, जबकि हॉलिडे 19 नवंबर को करेन रोल्टन ओवल में एडिलेड स्ट्राइकर्स के खिलाफ स्कॉर्चर्स के मुकाबले में अपना डब्ल्यूबीबीएल डेब्यू कर सकती हैं।



हैलीडे ने क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू को बताया, मुझे पिछले बुधवार को कॉल आया था, इसलिए मुझे थोड़ी चेतावनी मिली थी, जो काफी अच्छा रहा ... यह एक तरह से अप्रत्याशित था, लेकिन मैं वास्तव में उत्साहित हूं। मैं काफी भाग्यशाली हूं कि मुझे ग्रुप के साथ पहले से ही पांच या छह दिन मिल गए, जो काफी अच्छा है। सोफी डिवाइन एकमात्र व्यक्ति हैं जिन्हें मैं टीम में जानती हूं।

उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि डब्ल्यूएसीए में खेलना बहुत अच्छा रहेगा और फिर टीम के हिसाब से मैं सिक्सर्स के साथ खेलने के लिए उत्सुक हूं, क्योंकि वे एक बहुत ही मजबूत टीम हैं। अनुभव के दृष्टिकोण से, मुझे लगता है कि यह वास्तव में एक अच्छी चुनौती होगी, जिसका मैं इंतजार कर रही हूं।

फरवरी 2021 में भारत के खिलाफ डेब्यू करने के बाद से हॉलिडे ने 76 मैचों (35 वनडे और 41 टी20) में न्यूजीलैंड का प्रतिनिधित्व किया है। बाएं हाथ की यह खिलाड़ी न्यूजीलैंड को अपना पहला टी20 विश्व कप खिताब जीतने में मदद करने के बाद डब्ल्यूबीबीएल में आई है, जहां उसने छह मैचों में से प्रत्येक में भाग लिया था।

# भारत के ट्रेनिंग सेशन पर इयान हीली का रिएक्शन बोले टीम इंडिया कर रही है गलती

**पर्थ, 14 नवंबर ।** भारत ने पर्थ में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज के पहले टेस्ट के लिए आधिकारिक तौर पर अपनी तैयारी शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि बुधवार को भारत ने इंडोर ट्रेनिंग सेशन में भाग लिया। इस बीच, आस्ट्रेलिया के महान खिलाड़ी इयान हीली का मानना है कि टीम इंडिया थोड़ी गलती कर रही है।

सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड की रिपोर्ट के अनुसार, सुरक्षा गार्डों ने भारत की तैयारियों को देखने से रोकने के लिए वाका नेट के बाहरी हिस्से को ढक दिया था। इसमें यह भी दावा किया गया है कि डब्ल्यूएसीए में निर्माण श्रमिकों को ईमेल के जरिए यह भी बताया गया था कि उन्हें ब्रेक के दौरान फोटो लेने या प्रशिक्षण की झलक देखने की अनुमति नहीं है।

मास्टहेड ने डब्ल्यूएसीए कार्यकताओं को भेजे गए ईमेल का हवाला देते हुए बताया सभी प्रशिक्षण सत्रों के दौरान, कृपया कोई फोटो या वीडियो न लें, प्रशिक्षण सत्रों के ऊपर



कोई ड्रोन न उड़ाएं और कृपया बैठकर सत्र न देखें। हीली ने एसईएनक्यू ब्रेकफास्ट को बताया, भारत अब ऑस्ट्रेलिया में वही कर रहा है जो ऑस्ट्रेलिया पहले भारत, पाकिस्तान और कभी-कभी श्रीलंका में करता था। बस वह पूरे अनुभव और शुरूआती मीडिया को स्वीकार नहीं कर रहा है।

अगर आप मीडिया के सामने आते हैं और ऑस्ट्रेलियाई जनता और यहां मौजूद कई भारतीयों से मिलते हैं। तो यह एक बहुत ही खुशहाल दौरे की ओर ले जाता है। भारत ने खुद को बंद क्यों रखा, इसके और भी कई कारण हैं, हम कल्पना भी नहीं कर सकते कि उन्हें दिन-रात भीड़ से जूझना पड़ता है। सोशल मीडिया के साथ, भारत में क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की तुलना में 1000 गुना अधिक गंभीर है। हालांकि, बीसीसीआई ने कथित तौर पर स्पष्ट किया कि डब्ल्यूएसीए स्टेडियम के अधिकारियों और मीडिया को टीम द्वारा बुधवार का प्रशिक्षण बंद दरवाजों के पीछे होने देने के निर्देश नहीं दिए गए थे।

बीसीसीआई ने बुधवार को भारत के पहले प्रशिक्षण सत्र की तस्वीरें साझा की और साथ ही एक वीडियो भी जारी किया, जिसमें विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह, शुभमन गिल, रवींद्र जडेजा और अन्य खिलाड़ियों को 22 नवंबर को श्रृंखला के पहले मैच से पहले नेट्स में पसीना बहाते देखा जा सकता है।

# धूमधाम से मनाया गया नक्ष राज सिंह का प्रथम जन्मदिन



गाजियाबाद, करंट क्राइम। रालोद नेता तथा गन्ना समिति के पूर्व चेयरमैन अमरजीत सिंह बिड्डी के पौत्र नक्ष राज सिंह का प्रथम जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर समाज के गणमान्य लोगों ने नक्ष राज को जन्मदिन पर आशीर्वाद शुभाशीष दिया।




## खुद को पार्षदी का भी टोटा और गारंटर बन गये एमएलसी कोटा

किस्सा फूल वालों का है और मजमून कुछ ऐसा है कि घर क्या खरीदा हसीना ने मस्जिद के पास कि पूरा मौहल्ला ही नमाजी हो गया। धरती के स्वर्ग वाली धरा से फूल वालों की देवतुलनी का नेटिव कनेक्शन हैं। वो इलेक्शन में भी फुली एक्टिव हैं और सुना है कि उनके नेटिव स्टेट में 3 महिलाये नामित एमएलसी बनाई गई। ताजपोशी वहां हुई और गारंटी गाजियाबाद में ली जा रही है। एक भगवाई ने वहां के गर्वनर को रिश्तेदार बताते हुये अपने सबंधो की दुहाई दी। एक एक्स नामित पार्षद तो ऐसे भी हैं जिनकी खुद की पार्षदी की गारंटी का टोटा है लेकिन उन्होने भी कश्मीर वाली मैडम से कहा कि डोंट वरी हम बनवा देगें आपको एमएलसी। बीड़ी वाले त्यागी जी भी गारंटी सीन में हैं और एक पार्षद ने तो ड्रांईग रूम से लेकर किचन तक के सबंध बता दिये। बात जब उनके कान तक पहुंची जिनकी जुबान से किस्सा बाहर आये तो वो कहां तक जज्बात पर काबू पाते। वैसे भी भगवा मुंशी जी के बारे में कहा जाता है कि जिस बात को राकेट स्पीड से फैलाना हो वो बात उनके कान तक पहुंचा दो फिर जुबान उनकी और मोबाईल उनका। उन्होने ही बताया कि इनके खुद के तो नामित एमएलसी बनने के टोटे हैं और गारंटी ये जेके वालों को वहां का नामित एमएलसी बनाने की ले रहे है। चलो सिन्हा जी की बिरादरी वाले रिलेशन बतायें तो समझ में आता है मगर मुंशी जी की समझ में ये नही आया कि शिव की शक्ति वाला विप्रदेव क्यों मैडम को दिल्ली तक की गारंटी दे आया। एमएलसी पहाड़ी क्षेत्र में बनने हैं और गारंटी मैदानी इलाके ले रहे हैं।

## सुनता नही महकमें का बाबू और जुबान पर नही रहता उनका काबू

वो ऐसे मेंबर हैं जो फूल के टिकट पर हार के निकट आकर भी विकट परिस्थितियों में चुनाव जीत गये थे। वैसे पड़ी लकड़ी लेने की उन्हे पहले से हैबिट है और इस बात की गवाही एक्स नामित मेंबर से लेकर भगवा चौधरी साहब दे देगें। अब वो जनप्रतिनिधि हैं तो लिख लिख कर यानि रिटन में ऑल टाईप ऑफ लकड़ी ले रहे हैं। मौहल्ले का तो पता नही पर महकमें में इतनी इज्जत कमाई है कि पहले वाले साहब ने घर बुलाकर मुलाकात नही की और अब वाले साहब पौन घंटा बाहर बिठाते हैं इंतजार कराते हैं और फिर उनसे बिना मिले ही निकल जाते हैं। किस्सा उनके ही वार्ड का हैं और वो किसी को गारंटी दे रहे थे कि हम देख लेगें। उधर वाला बंदा भी अर्ध सरकारी है और वो जानता है कि फूल वालों की गारंटी कैसे फेल हो जाती हैं। मेंबर साहब ने गारंटी में एक्स्ट्रा करंट डालते हुये कहा कि जो भी आयेगा उसकी तो मदर सिस्टर। मेंबर का ये स्टाईल देखकर उनके ही दल वाले ने कहा कि सुन नही रहा तुम्हारी महकमें का बाबू भी लेकिन तुम्हारा नही रहा अपनी जुबान पर काबू भी। ये वो ही वाले मेंबर हैं जिन्हे कुछ दिन पहले सुपरवाईजर ने पहचानने से इंकार कर दिया और नियम कायदे गिनाये थे।

## डल गया भगवा लोटे में साल्ट कि मिलकर निकालना है उनमें फाल्ट

सियासत का मजा ही कुछ अलग है और इसमें कई बार अपना काम बनते देखकर उतना मजा नही आता जितना मजा दूसरे का काम बिगड़ते देखकर आता है। फूल वालों के यहां खटौला खाली होना है मगर खटौले की बोली का शोर सुनाई दे रहा है। 90 की आवाजे लग रही हैं और सुना है कि नहर के इस पार वाले लाला जी के रथ को रोकने के लिये भगवा लौटे में साल्ट डल गया है। ये वाले त्यागी जी से लेकर वो वाले त्यागी जी तक यूनियन जिन्दाबाद का सीन बताया जा रहा है। साल्ट ये है कि मिलकर उनमें फाल्ट गिनाने हैं। सुना है मिलकर सबने ठाकुर साहब के सामने भी फाल्ट गिनाये लेकिन वो बड़े खलीफा है और उन्होने इस नाम को स्टेट वाले चौधरी का नाम बताकर खुद को एक साइड कर लिया। मगर लोटा नमक एकता ने कसम खा ली है कि कुछ भी हो जाये और कोई भी बन जाये लेकिन इसे नही बनने देना तो नही ही बनने देना है।

# हापुड़ रेलवे फाटक पर निर्माणाधीन आरओबी को लेकर एसडीएम ने ली अधिकारियों की बैठक



**मोदीनगर करंट क्राइम।** राजचौपले के निकट हापुड़ रेलवे फाटक पर बनने वाले आरओबी निर्माण को गति देने के लिये एसडीएम डॉ0 पूजा गुप्ता की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों के अभियंताओं, अधिकारियों की बैठक हुई। निर्माण को लेकर आने वाली समस्याओं पर चर्चा की गयी। बाद में एडीएम ने 18 नवंबर तक विभागो को कार्य योजना तैयार कर उस पर खर्च होने का ब्यौरा मांगा है।

बताते चले कि राजचौपले पर आरओबी निर्माण मंजूर होने के बाद अगले माह से कार्य आरंभ होने की संभावना है, इसके लिये कवायद तेज कर दी गई है। कार्य शुरू होने को लेकर आने वाली परेशानियों को देखते हुये उप्र राज्य सेतु निगम, विधुत विभाग, गैस पाईप लाईन, पालिका सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों की तहसील मुख्यालय पर एक बैठक आहूत हुई।

बैठक में सेतु निगम की ओर से सहायक अभियंता तेज प्रताप गुप्ता, रूद्रेश उपाध्याय, पीएनजी इद्रप्रस्थ गैस के सीनियर मैनेजर उदयवीर सिंह, बिजली विभाग के अधिशासी अभियंता महेश चंद उपाध्याय, एसडीओ राजीव कुमार, पालिका के राजस्व प्रभारी अंकित चौधरी, रवि रतन लेखपाल, जल निगम के अधिशासी अभिंयता अमीरूल हसन, लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता डीके शर्मा व तहसीलदार रजत गुप्ता आदि अधिकारी शामिल हुये।

एसडीएम ने बैठक में मौजूद आधिकारियों से आरओबी निर्माण के लिये चयनित भूमि पर आने वाली समस्याओं को लेकर विस्तृत चर्चा की ओर कहा कि आगामी 18 नवंबर तक सभी विभाग कार्यस्थल पर निरीक्षण कर चिन्हिकरण व पैमाईश कर अपनी रिपोर्ट उपलब्ध कराये। इसके उपरांत तहसील स्तर की टीम के साथ संयुक्त निरीक्षण किया जायेगा और भूमि सेतु निगम को उपलब्ध कराने की आगे की कार्यवाही की जायेगी।

# प्लॉट दिलाने के नाम पर युवक से ठगे 39 लाख रुपए, रिपोर्ट दर्ज

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** एक युवक के साथ प्लॉट दिलाने का झांसा देकर 39 लाख रुपए ठगने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। भोजपुर थानान्तर्गत गांव पलोता निवासी पवन कुमार ने बताया कि मेरे पिता की कृषि भूमि दिल्ली मेरठ एक्सप्रेस-वे में अधिगृहण हो गई थी। जिस कारण काफी मुआवजा मिला था।

पवन कुमार ने बताया मुआवजा मिलने के बाद चाचा का लड़का देवेन्द्र घर पर आया और कहने लगा कि मुआवजा का पैसा किसी प्रॉपट्री में इन्वेस्ट कर दो। 20 अक्टूबर 2017 को देवेन्द्र के साथ हमारे घर पर तरुण जैन, रितु जैन, विपुल सिंघल व सांजे नाम के लोगों को लेकर आया और कहने लगा कि यह लोग बडे प्रोजेक्ट चला रहे है। इसके बाद फोटों से ही प्रोजेक्ट की लोकेशन दिखा दी गई। इसके बाद पवन ने उनकों खाते में 39 लाख रुपए डलवा दिए।

काफी समय बीत जाने के बाद भी जब प्लॉट का बैनामा कराने की बात कही तो वह आनकानी करने लगा। अब देवेन्द्र पैसे मांगने पर आत्महत्या करने की धमकी देता। जिनके बैंक खाते में पैसे डाले गए है, उनका कोई अता पता नहीं है। इसी बीच सदमें में पवन के पिता भी मौत हो गई। अब पैसे वापस मांगने पर आरोपी परिवार सहित जान से मारने की धमकी दे रहा है। डीसीपी ग्रामीण के आदेश पर भोजपुर थाने में धोखाधड़ी की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई की जायेंगी।

# मोबाइल टॉवर लगाने का सभासदों ने किया विरोध थाने पर प्रदर्शन, नही हुई कार्रवाई तो होगां आंदोलन

**मोदीनगर करंट क्राइम।** पालिका सभासदों ने एकजुट हो कॉलोनी में लगायें जा रहे मोबाइल टॉवर का विरोध किरते हुये प्रदर्शन किया और चेतावनी दी कि यदि कार्रवाई नही की गई तो आंदोलन किया जायेंगा। नगर की कावेरी एन्कलेव कॉलोनी में आबादी के बीचों बीच एक मोाबाइल कंपनी का टॉवर लगाने का कार्य किया जा रहा है।

मकान की छत पर लगायें जा रहे इस मोबाइल टॉवर का विरोध शुरू हो गया है। कॉलोनी के लोगों ने सभासदों के साथ थाने पर प्रदर्शन कर ज्ञापन दिया। टॉवर का निर्माण कार्य ना रुकने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। कावेरी एन्कलेव कॉलोनी के लोग एकत्र होकर थाने पहुंचे और



जमकर हंगामा किया। लोगों का आरोप है कि कॉलोनी में एक मकान की छत पर मोबाइल टॉवर का निर्माण किया जा रहा है। मोबाइल टॉवर से निकलने वाले रेडिएशन से गंभीर बीमारी से ग्रस्त हो जाएगें। उनका कहना है कि टॉवर का निर्माण बिना अनुमति व एनओसी के किया जा रहा है।

सभासदों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ तो तो बड़े स्तर पर आंदोलन किया जाएगा। उन्होने एसीपी मोदीनगर के नाम एक ज्ञापन मोदीनगर थाना प्रभारी को सौपा। इस मौके पर सभासद आदित्य कुमार, वेदप्रकाश, सुषमा, अंकुर, प्रवीण गुर्जर, प्रदीप शर्मा, सारिका सहित अन्य लोग मौजूद रहें।

# उद्योग व्यापार मंडल ने नवनियुक्त पदाधिकारियों का किया स्वागत



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** उ०प्र० उद्योग व्यापार मंडल ने स्वर्णकार समाज मोदीनगर के नव नियुक्त पदाधिकारियों का जोरदार स्वागत किया। व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमित गोयल ने कहा कि संगठन का प्रत्येक कार्यकर्ता पूरे स्वर्णकार समाज के व्यापारियों के कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है। राज चैपला स्थित एक रेस्त्रा के प्रांगण में उ०प्र० उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमित गोयल के आहवान पर आयोजित कार्यक्रम में स्वर्णकार समाज के अध्यक्ष मोहित सोनी ने उ० प्र० उद्योग व्यापार मंडल मोदीनगर का आभार व्यक्त किया और कहा कि पालिका क्षेत्र में स्वर्णकार समाज के लगभग 12000 परिवारों के विकास और उन्हें सशक्त बनाने के लिए काम किया जायेगा। इस अवसर पर स्वर्णकार समाज के संरक्षक. डॉ० रामनारायण वर्मा, ब्रजमोहन वर्मा, कानूनी सलाहाकार एड० अरुण वर्मा, विजेंद्र वर्मा, सचिव विकास सोनी, मीडिया प्रभारी मोंटी वर्मा, संगठन मंत्री डॉ० ऋषिपाल, कार्यकारणी सदस्य मनोज सोनी, देवेन्द्र सोनी, अमित सोनी, अजय स्वर्णकार सहित अनेक व्यापारीगण मौजूद रहें।

# भक्तों को सच्ची भक्ति, भगवत सेवा एवं दान की महिमा वर्णन किया

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** श्रीमद् भागवत कथा के चतुर्थ दिवस में भागवत कथा में कृष्ण जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कथा व्यास अंर्तराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त श्रद्धेय राज पुरोहित शिवराज कृष्ण ने भक्तों को सच्ची भक्ति, भगवत सेवा एवं दान की महिमा वर्णन किया। उन्होंने भगवान कृष्ण की जन्म कथा को सुनाते हुये नंदोत्सव की बधाई दी।



कथा के मुख्य यजमान विवेक त्यागी सुपुत्र स्वर्गीय ओंकार त्यागी, भागवत सेवा परिवार के सभी पदाधिकारी एवं सभी भक्तों ने मिलकर खूब बधाईयां अर्पित की कथा में विशेष अतिथि के रूप में नगर पालिका परिषद के चेयरमैनविनोद वैशाली ने भक्ति एवं पूजा पाठ के लिए सभी लोगों को जागृत किया। इस दौरान सभासद बॉबी चैधरी, सभासद प्रदीप शर्मा, सभासद प्रवीण गुर्जर, सभासद सूबे सिंह आदि ने भागवत कथा में पूज्य महाराज का पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। कथा में उपस्थित विजय लक्ष्मी त्यागी, प्रेम किशन शर्मा, अनीता शर्मा, रुचि त्यागी, गौरव गोयल, रमेश, नितिन गुप्ता, नवीन कुमार गर्ग, आचार्य महामंडलेश्वर बलैनी वाले महाराज आदि उपस्थित रहे।

# सिग्नल केबिल चोरी के कारण मालगाड़ियों का आवागमन प्रभावित

**मोदीनगर करंट क्राइम।** डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर से चोर लाखों रुपये की कीमत के सिग्नल केबिल चोरी कर ले गए। इस कारण लगभग 12 मालगाड़ियों का आवागमन घंटों बाधित रहा। सूचना पाकर डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर ऑफ इंडिया लिमिटेड की टीम मौके पर पहुंची और केबिल बिछाकर सिग्नल शुरू किया गया। मामले में जूनियर प्रोजेक्ट मैनेजर की तरफ से भोजपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

मालगाड़ियों के आवागमन के लिए देश में दो कॉरिडोर बनाए गए हैं। जिनमें एक कॉरिडोर अमृतसर से मेरठ, मोदीनगर होते हुए खुर्जा जंक्शन पहुंचता है। दूसरा कॉरिडोर भी खुर्जा पहुंचकर पश्चिम बंगाल जाने वाले रेलवे ट्रैक से जुड़ जाता है। मोदीनगर तहसील से होकर गुजरने वाले कॉरिडोर से सिग्नल केबिल चोरी हुआ है। जूनियर प्रोजेक्ट मैनेजर मोहित कुमार शर्मा के अनुसार, रेलवे स्टेशन मास्टर न्यू पिलखुवा अनिल कुमार कुशवाहा की तरफ से सिग्नल विभाग एवं सुरक्षा विभाग को सूचना मिली कि रेलवे ट्रैक फेल हो गया है। सूचना पर उनके साथ टीम ने पहुंचकर जांच की तो पता चला कि भोजपुर थानान्तर्गत गांव किल्होड़ा के निकट मैन लाइन से सेंसर के सिग्नल केबिल गायब है। चोरों ने लगभग 60 मीटर सेंसर सिग्नल केबिल चोरी किया गया है, जिसकी कीमत लाखों रुपये है। केबिल चोरी होने के कारण घंटों तक मालगाड़ियों का आवागमन बाधित रहा। पुलिस का कहना है कि मामले में रिपोर्ट दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी गई है।

# बालबाड़ी में बाल दिवस धूमधाम से मना



**मोदीनगर करंट क्राइम।** बालवाडी पब्लिक स्कूल में बाल दिवस का आयोजन बड़ी धूमधाम के साथ किया गया। छात्र-छात्राओं ने प0 जवाहरलाल नेहरू के जीवन व उनके द्वारा बच्चों के लिए किए गए अनेक प्रशंसनीय कार्यों की चर्चा की गई। कादराबाद स्थित बालबाड़ी पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानाचार्या नीरू जोशी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुये सर्वप्रथम मुख्य अतिथि कॉलिज के चेयरमैन सजंय जैन व प्रबंधक विनय रूहेता ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्जवलित किया। संजय जैन ने पूर्व प्रधानमंत्री पं0 जवाहर लाल नेहरू के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुये बच्चों को उनके जीवन चरित्र से प्रेरणा लेने की सीख दी। विनय रूहेला ने कहा कि पं0 नेहरू का देश की राजनीति, देश के विकास में अहम योगदान व बच्चों के स्नेह को लेकर आज के दिन देशभर में ही नही अपितु विदेशों में भी उन्हें याद किया जाता है। इसी के साथ पंच प्यारों ने प्रस्तुत होकर गुरु पर्व के महत्व पर भी प्रकाश डाला। छात्र-छात्राओं ने अनेक रंगारंग व देशभक्ति से संबन्धित कार्यक्रम प्रस्तुत किये। शिक्षिकाओं ने हास्यांपद कविताओं के माध्यम से बाल दिवस की शुभकामनाएं देते हुए विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया।

# पीएम मोदी को अपने सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित करेगी डोमिनिका सरकार, प्रधानमंत्री को बताया सच्चा दोस्त

**रोसेउ ।** डोमिनिका की सरकार ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित करने का फैसला किया है। डोमिनिका की सरकार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि प्रधानमंत्री मोदी को गुयाना में आयोजित होने जा रहे आगामी भारत-कैरीकोम सम्मेलन के दौरान इस सम्मान से सम्मानित किया जाएगा।



### कोरोना में भारत ने की थी डोमिनिका की मदद

डोमिनिका सरकार के बयान में बताया गया है कि डोमिनिका की राष्ट्रपति सिलवेनी बर्टन प्रधानमंत्री मोदी को इस सम्मान से सम्मानित करेंगी। फरवरी 2021 में प्रधानमंत्री मोदी ने डोमिनिका को एक बहुमूल्य उपहार देते हुए कोरोना वैक्सीन एस्ट्राजेनेका की 70 हजार डोज की आपूर्ति की थी।

प्रधानमंत्री मोदी की इसी उदारता को पहचानते हुए डोमिनिका की सरकार ने उन्हें अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित करने का फैसला किया है। साथ ही पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत ने डोमिनिका को स्वास्थ्य, शिक्षा और आईटी के क्षेत्र में भी काफी मदद की है। भारत द्वारा डोमिनिका में जलवायु परिवर्तन का मुकाबला करने की दिशा में भी मदद की जा रही है।

डोमिनिका के प्रधानमंत्री रूजवेल्ट स्कर्मिट ने प्रधानमंत्री मोदी को उनके देश का सच्चा दोस्त करार दिया, जिन्होंने वैश्विक स्वास्थ्य संकट के समय डोमिनिका के लोगों की मदद की। इंडिया केरीकोम सम्मेलन 19 नवंबर से 21 नवंबर 2024 के बीच गुयाना के जॉर्जटाउन में आयोजित होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कई देशों ने अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित किया है। बीते जुलाई माह में ही रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने प्रधानमंत्री मोदी को अपने देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ऑर्डर ऑफ सेंट एंड्रयू द एपोस्टल', से सम्मानित किया गया था। उससे पहले पीएम मोदी को भूटान के सर्वोच्च नागरिक सम्मान ऑर्डर ऑफ द ड्रुक ग्यालपो से भी सम्मानित किया गया। भूटान ने पहली बार किसी गैर भूटानी व्यक्ति को यह सम्मान दिया है।

प्रधानमंत्री मोदी को संयुक्त अरब अमीरात, अफगानिस्तान, बहरीन और सऊदी अरब, फ्रांस, मिस्त्र, फिजी, पापुआ न्यू गिनी, पलाऊ, अमेरिका, मालदीव, फलस्तीन के भी शीर्ष नागरिक पुरस्कार मिल चुके हैं।

## प्रधानमंत्री मोदी को कई देशों के सर्वोच्च सम्मान से किया गया है सम्मानित

प्रधानमंत्री मोदी की इसी उदारता को पहचानते हुए डोमिनिका की सरकार ने उन्हें अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित करने का फैसला किया है। साथ ही पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत ने डोमिनिका को स्वास्थ्य, शिक्षा और आईटी के क्षेत्र में भी काफी मदद की है। भारत द्वारा डोमिनिका में जलवायु परिवर्तन का मुकाबला करने की दिशा में भी मदद की जा रही है। डोमिनिका के प्रधानमंत्री रूजवेल्ट स्कर्मिट ने प्रधानमंत्री मोदी को उनके देश का सच्चा दोस्त करार दिया, जिन्होंने वैश्विक स्वास्थ्य संकट के समय डोमिनिका के लोगों की मदद की। इंडिया केरीकोम सम्मेलन 19 नवंबर से 21 नवंबर 2024 के बीच गुयाना के जॉर्जटाउन में आयोजित होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कई देशों ने अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित किया है।

# 'हमारे राजनीतिक मामले में हस्तक्षेप ना करें' : मटेरेला

**रोम ।** अरबपति एलन मस्क इन दिनों काफी चर्चा में हैं। एक तरफ जहां अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने उन्हें अपनी कैबिनेट में अहम स्थान दिया है तो दूसरी ओर इटली के राष्ट्रपति सर्जियो मटेरेला ने बुधवार को एलन मस्क के बयान पर जवाब देते हुए कहा कि वे इटली के राजनीतिक मामलों में हस्तक्षेप न करें।



राष्ट्रपति सर्जियो की ये प्रतिक्रिया मस्क के उस बयान के बाद आया है जिसमें उन्होंने कहा था कि रोम के न्यायाधीशों को बाहर भेजा जाना चाहिए। जिन्होंने अल्बानिया में शरणार्थियों को हिरासत में लेने के इटली सरकार के कदम की वैधता पर सवाल उठाया था।

यह कदम मेलोनी की उस योजना को चुनौती दे रहा था, जिसका उद्देश्य अवैध आव्रजन को रोकना था। राष्ट्रपति मटेरेला का जवाब राष्ट्रपति मटेरेला ने ट्रंप के जवाब में कहा इटली एक महान लोकतांत्रिक देश है और वह जानता है ।

# अर्श डल्ला पर अवैध कब्जे और सबूतों से छेड़छाड़ समेत 11 मामले, कनाडाई एजेंसी ने दाखिल किया आरोपपत्र

**टोरंटो ।** भारत के मोस्ट वांटेड खालिस्तान समर्थक आतंकी अर्शदीप सिंह गिल उर्फ अर्श डल्ला के खिलाफ कनाडा में अवैध कब्जे और सबूतों से छेड़छाड़ समेत 11 मामले दर्ज किए गए हैं। कनाडाई एजेंसी ने बुधवार को स्थानीय अदालत में डल्ला के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया। डल्ला की जमानत अर्जी पर बृहस्पतिवार को सुनवाई होगी।

**डल्ला मारे जा चुके खालिस्तान समर्थक आतंकी हरदीप सिंह निज्जर का करीबी सहयोगी है**



भारत और कनाडा के बीच बढ़ते तनाव के बीच डल्ला के खिलाफ दाखिल आरोपपत्र के मुताबिक, कनाडाई अधिकारियों ने डल्ला को ओंटारियो के मिल्टन में 28 अक्तूबर को गोलीबारी की वारदात के बाद गिरफ्तार किया।

उसके साथ गुरजंत सिंह नाम का एक और शख्स था। डल्ला की दाहिनी बांह में गोली लगी थी। पुलिस ने अस्पताल के बाहर उसकी कार में गोली के निशान देखे थे। हालांकि पूछताछ में डल्ला ने पुलिस को गुमराह किया था।

### निज्जर का करीबी सहयोगी है डल्ला

डल्ला मारे जा चुके खालिस्तान समर्थक आतंकी हरदीप सिंह निज्जर का करीबी सहयोगी है। जनवरी, 2023 में गृह मंत्रालय ने उसे गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम के तहत आतंकी घोषित किया था। वह देश के सबसे वांछित आतंकवादियों में से एक है।

### डल्ला को भारत को सौंपे कनाडा

भारतीय खुफिया सूत्रों के मुताबिक, एक देश दूसरे देश में वांछित आतंकियों को पनाह दे रहा है। ये लोग कनाडा में भी अपराध कर रहे हैं। अब जबकि डल्ला हिरासत में है, कनाडा को उसे भारत को प्रत्यर्पित कर देना चाहिए।

# भारतीय राजदूत क्वात्रा ने कई अमेरिकी सांसदों से की मुलाकात, द्विपक्षीय साझेदारी को मजबूत बनाने पर दिया जोर

**वॉशिगटन ।** भारत के अमेरिकी राजदूत विनय मोहन क्वात्रा ने हाल ही में कई अमेरिका के नेताओं से मुलाकात की। साथ ही, दोनों देशों के बीच व्यापक वैश्विक और रणनीतिक साझेदारी को मजबूत बनाने पर चर्चा की।



### इन सांसदों से की मुलाकात

क्वात्रा ने सांसद डेबोरा रॉस, सांसद एंडी बैर, रिक मैककॉर्मिक और भारतीय मूल के सांसद अमी बेरा, रो खन्ना, श्री थानेदार और राजा कृष्णमूर्ति से मुलाकात की। अमी बेरा के साथ भारतीय राजदूत ने विभिन्न क्षेत्रों में भारत-अमेरिका साझेदारी को गहरा करने और पारस्परिक हित के वैश्विक विकास पर चर्चा की। बता दें, बेरा अमेरिकी सदन में सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले भारतीय अमेरिकी सदस्यों में से एक हैं।

विनय मोहन क्वात्रा ने इसके अलावा इंडिया कॉकस के सह-अध्यक्ष रो खन्ना से मुलाकात की। इस दौरान, दोनों देशों के बीच व्यापक वैश्विक और रणनीतिक साझेदारी को मजबूत बनाने पर चर्चा की। उन्होंने कहा, 'हाउस इंडिया कॉकस के सह-अध्यक्ष से मिलकर बहुत खुशी हुई। व्यापक वैश्विक तथा रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के लिए मिलकर काम करने पर चर्चा हुई। भारत-अमेरिका मैत्री को मजबूत बनाने में उनकी भूमिका और समर्थन की सराहना करता हूं।' इसके अलावा, उन्होंने इंडिया कॉकस के उपाध्यक्ष एंडी बैर से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत बनाने पर चर्चा की। वहीं, सांसद कृष्णमूर्ति ने क्वात्रा के साथ हुई मुलाकात को सुखद बताया। श्री थानेदार ने भारतीय राजदूत का स्वागत किया और उनके साथ काम करने की उम्मीद व्यक्त की।

**विनय मोहन क्वात्रा ने इसके अलावा इंडिया कॉकस के सह-अध्यक्ष रो खन्ना से मुलाकात की। इस दौरान, दोनों देशों के बीच व्यापक वैश्विक और रणनीतिक साझेदारी को मजबूत बनाने पर चर्चा की। उन्होंने कहा, 'हाउस इंडिया कॉकस के सह-अध्यक्ष से मिलकर बहुत खुशी हुई। व्यापक वैश्विक तथा रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के लिए मिलकर काम करने पर चर्चा हुई**

# लेबनान में इस्राइल के छह सैनिकों की मौत, हिजबुल्ला ने आईडीएफ सैन्य मुख्यालय पर किया हमले का दावा

**तेल अवीव ।** हिजबुल्ला के खिलाफ लड़ाई में बुधवार को इस्राइल को बड़ा नुकसान उठाना पड़ा। दरअसल लड़ाई के दौरान इस्राइल के छह सैनिक मारे गए। इस्राइली सैनिक दक्षिणी लेबनान में लड़ाई के दौरान मारे गए। इसके साथ ही लेबनान में हिजबुल्ला के खिलाफ लड़ाई में मरने वाले इस्राइली सैनिकों की संख्या 47 हो गई है।



इस्राइली मीडिया के अनुसार, इस्राइली सैनिकों ने बुधवार को एक गांव में छापेमारी की थी, उसी दौरान एक इमारत में छिपे हुए चार हिजबुल्ला लड़ाकों ने सैनिकों पर फायरिंग कर दी। इस हमले में सैनिकों की जान चली गई। इस्राइली सेना के जवाबी हमले में हिजबुल्ला के चारों लड़ाके भी मारे गए। हमले में जान गंवाने वाले सैनिक इस्राइली सेना की गोलानी ब्रिगेड की 51वीं बटालियन के सैनिक थे। इससे पहले दो अक्तूबर को भी लेबनान में एक हमले में आठ इस्राइली सैनिकों को अपनी जान गंवानी पड़ी थी।

**गांव में छापेमारी के दौरान गई सैनिकों की जान**

### लेबनान में 3,360 लोगों की हुई मौत

वहीं इस्राइली सैनिकों की मौत पर इस्राइल के रक्षा मंत्री काट्ज ने कहा कि हिजबुल्ला के खिलाफ युद्ध में कोई ढील नहीं दी जाएगी। इस्राइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने भी सैनिकों की मौत पर दुख जताया और सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस्राइल ने 23 सितंबर को लेबनान में हिजबुल्ला के ठिकानों पर बमबारी शुरू की थी। 30 सितंबर को इस्राइली ने अपने सैनिकों को जमीनी लड़ाई के लिए लेबनान में उतार दिया था।

इस्राइली हमलों में अब तक लेबनान में 3,360 लोगों की मौत हो चुकी है। बुधवार को ही इस्राइली हमले में बेरूत में आठ लोगों की मौत हुई थी। इस्राइली सेना ने बेरूत के दक्षिण इलाके में घनी आबादी वाले क्षेत्र अरामून पर हमला किया। यह हिजबुल्ला का पारंपरिक गढ़ माने जाने वाले क्षेत्र से बाहर का इलाका है।

### हिजबुल्ला ने आईडीएफ मुख्यालय पर हमले का किया दावा

इस्राइली सेना ने कहा है कि उसने लेबनान से हुए मिसाइल हमलों को नाकाम कर दिया है। इस्राइली सेना की कोशिश है कि हिजबुल्ला को दक्षिणी लेबनान में लिटानी नदी से परे खदेड़ दिया जाए ताकि उसकी सीमाएं सुरक्षित हो सकें।

# एफबीआई ने पॉलीमार्केट के सीईओ के अपार्टमेंट पर मारा छापा उपकरण जब्त

**न्यूयॉर्क ।** फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (एफबीआई) ने पॉलीमार्केट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) शाइनी कोप्लान के मैनहट्टन स्थित अपार्टमेंट पर छापा मारा, जो एक भविष्यवाणी बाजार मंच है। इस मंच ने 2024 के अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप की जीत की सटीक भविष्यवाणी की थी।



मीडिया रिपोट्र्स के अनुसार, एफबीआई ने सुबह 6 बजे सीईओ कोप्लान को उनके सोहो अपार्टमेंट में जगाया और उनसे फोन और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण ले लिए। हालांकि, एफबीआई ने छापे का कोई खास कारण नहीं बताया, लेकिन कुछ लोगों का मानना है कि यह राजनीतिक कारणों से उठाया गया कदम हो सकता है। पॉलीमार्केट ने उपराष्ट्रपति कमला हैरिस की तुलना में ट्रंप की जीत की संभावना अधिक बताई थी, जो पारंपरिक चुनावों से अलग था। कुछ सूत्रों का कहना है कि अमेरिकी सरकार यह आरोप लगा सकती है कि पॉलीमार्केट ने चुनाव परिणामों में धांधली की या बाजार में हेरफेर किया। कोप्लान को नहीं किया गिरफ्तार पॉलीमार्केट के प्रवक्ता ने बुधवार शाम को स्पष्ट किया कि कोप्लान को गिरफ्तार नहीं किया गया और उस पर कोई आरोप नहीं लगाया गया। उन्होंने कहा कि उनका मंच पूरी तरह से पारदर्शी है और यह लोगों को चुनावों सहित विभिन्न घटनाओं के बारे में जानकारी देने के लिए काम करता है। कोप्लान ने छापे पर दी प्रतिक्रिया छापे पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, कोप्लान ने एक्स पर पोस्ट कर कहा है ।

# अमेरिका में अभी भी दिवाली का जश्न बरकरार, राष्ट्रपति चुनाव के एक हफ्ते बाद कैपिटल में बड़ा आयोजन

**वॉशिगटन ।** अमेरिका में पिछले सप्ताह हुए राष्ट्रपति चुनाव के बाद एक बड़ा आयोजन किया गया। यहां के यूएस कैपिटल में दो दर्जन से अधिक सांसदों और प्रतिष्ठित भारतीय अमेरिकियों ने दिवाली मनाई।

### हर साल मनाई जाती है कैपिटल हिल में दिवाली

कैपिटल हिल में हर साल दिवाली मनाई जाती है। इस बार यह आयोजन बीएपीएस श्री स्वामीनारायण मंदिर द्वारा हिंदू देश बनाते हैं।

मिसिसिपी की सीनेटर सिंडी स्मिथ हाइड ने भारतीय अमेरिकियों को दिवाली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वह अगले चार सालों में देश की समृद्धि की उम्मीद करती हैं। उन्होंने आगे कहा कि हम आपको प्रोत्साहित करना चाहते हैं कि हम एक स्थिर वातावरण चाहते हैं। हम एक बेहतरीन अर्थव्यवस्था चाहते हैं। हम चाहते हैं कि हर कोई अपने परिवार को पालने में सक्षम हो। दिवाली एक ऐसा त्योहार है



अमेरिकन फाउंडेशन, सिख फॉर अमेरिका, जैन एसोसिएशन ऑफ नॉर्थ अमेरिका और आर्ट ऑफ लिविंग सहित कई अन्य भारतीय अमेरिकी संगठनों के सहयोग से किया गया था। दिवाली का त्योहार बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीकः म्यूसर अमेरिकी सांसद डैन म्यूसर ने एक्स पर तस्वीरें साझा कर कहा, 'आज रात कैपिटल हिल पर दिवाली और हिंदू नववर्ष मनाने के लिए बीएपीएस श्री स्वामीनारायण मंदिर और कई भारतीय-अमेरिकी संगठनों के साथ शामिल होना एक खुशी की बात थी। एक अरब से ज्यादा लोगों द्वारा मनाया जाने वाला दिवाली का त्योहार बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है और आस्था, परिवार और समुदाय के मूल्यों को बढ़ावा देता है।'

'अमेरिका प्रवासियों का देश' दिवाली समारोह पर सीनेटर रैंड पॉल ने कहा कि अमेरिका प्रवासियों का देश है, जो दुनिया भर से सर्वश्रेष्ठ और सबसे उज्ज्वल लोगों को आकर्षित करता है। यह लोग मिलकर अमेरिका को एक महान जो विश्वभर में... भारत के अमेरिकी राजदूत विनय मोहन क्वात्रा ने कहा कि दिवाली एक ऐसा त्योहार है जो विश्वभर में मनाया जाता है। इस आयोजन में इतने सारे सांसद सदस्यों और सीनेटरों की मौजूदगी इस त्योहार के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दशार्ती है ।


पिछले महीने मिशिगन के 13वें संसदीय जिले से फिर से चुने गए सांसद श्री थानेदार ने कहा कि उन्होंने अपने पहले कार्यकाल में संसद के इतिहास में पहली बार हिंदू, सिख, जैन और बौद्ध कॉकस बनाया।

उन्होंने कहा कि वह राज्य विभाग के साथ मिलकर अमेरिका भर में हिंदू मंदिरों पर हमलों के खिलाफ काम कर रहे हैं और बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के खिलाफ भी काम कर रहे हैं।

सांसद राजा कृष्णमूर्ति ने कहा कि भारतीय अमेरिकी समुदाय अमेरिका में सबसे तेजी से बढ़ता अल्पसंख्यक समुदाय है, जो सबसे अधिक शिक्षित और समृद्ध है। हर सात डॉक्टरों में से एक देसी है।

# ब्राजील की शीर्ष अदालत के बाहर आत्मघाती हमला सुप्रीम कोर्ट में घुसने की कोशिश के दौरान फटा बम

**रियो डी जेनेरियो ।** अधिकारियों ने बताया कि बुधवार को ब्राजील के सुप्रीम कोर्ट में घुसने की कोशिश के दौरान एक व्यक्ति ने खुद को बम से उड़ा लिया। गौरतलब है कि यह हमला ऐसे समय हुआ है, जब ब्राजील में जी20 सम्मेलन की तैयारी अंतिम चरण में चल रही हैं।



जिसमें दुनिया की 20 प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं वाले देशों के नेता शिरकत करेंगे। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग भी जल्द ही ब्राजील की राजकीय यात्रा पर जाने वाले हैं।

### सुप्रीम कोर्ट की इमारत को बनाना चाहता था निशाना

घटना बुधवार शाम की है, जब कोर्ट की इमारत के पास स्थित पार्किंग में एक विस्फोट हुआ। इसके कुछ सेकेंड बाद ही सुप्रीम कोर्ट के सामने दूसरा विस्फोट हुआ।

जांच के दौरान मौके से मानव शव बरामद हुआ। विस्फोट ब्राजील की संघीय सरकार की तीन शाखाओं की प्रमुख इमारतों को जोड़ने वाले ब्रासीलिया के एक प्रतिष्ठित चौराहे 'प्लाजा ऑफ द थ्री पॉवर्स' के आसपास हुए।

माना जा रहा है कि संदिग्ध आरोपी सुप्रीम कोर्ट की इमारत को नुकसान पहुंचाना चाहता

न्यायालय ने एक बयान में कहा कि जब विस्फोट हुए, तब सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों ने अपना पूर्ण सत्र समाप्त किया था और उन्हें तुरंत सुरक्षित रूप से बाहर निकाल लिया गया।

संघीय जिला की उप-गवर्नर सेलिना लियो ने बताया कि शुरूआती जांच से पता चलता है कि व्यक्ति ने सुप्रीम कोर्ट में घुसने की कोशिश करने के दौरान खुद को विस्फोटकों से उड़ा लिया।

**मृतक की अभी तक नहीं हुई है पहचान न्यायालय ने एक बयान में कहा कि जब विस्फोट हुए, तब सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों ने अपना पूर्ण सत्र समाप्त किया था**

उन्होंने कहा कि उसके पास एक कार थी, जिसमें एक और विस्फोट हुआ। लियो ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि यह किसी 'अकेले हमलावर' का काम था। अभी तक मृतक की पहचान नहीं हुई है।

# कौन हैं हिंदू नेता, तुलसी गबार्ड, जिन्हें ट्रंप ने सौंपी अहम जिम्मेदारी

**वॉशिगटन ।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को अमेरिका की पहली हिंदू सांसद तुलसी गबार्ड को राष्ट्रीय खुफिया विभाग का निदेशक नियुक्त किया। डोनाल्ड ट्रंप ने तुलसी गबार्ड



को गर्वित रिपब्लिकन बताया और कहा कि अपनी निडर स्वभाव को वे खुफिया विभाग में भी लेकर आएंगी। ट्रंप ने कहा कि एक डेमोक्रेट पार्टी से राष्ट्रपति पद की पूर्व दावेदार होने के चलते तुलसी गबार्ड को दोनों पार्टियों में समर्थन मिलता है। मुझे उम्मीद है कि वह हमें गौरवान्वित करेंगी। तुलसी गबार्ड पहले डेमोक्रेट पार्टी में थीं लेकिन बाद में वे रिपब्लिकन पार्टी की हिस्सा बन गईं।

# धूमधाम से मनाया गया पूर्व दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री बलदेव राज शर्मा का जन्मदिन



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। बीजेपी के अति वरिष्ठ नेता और पूर्व दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री बलदेव राज शर्मा का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर राजनीति, पत्रकारिता तथा समाज के गणमान्य लोगों ने बलदेव राज शर्मा की लंबी आयु उत्तम स्वास्थ्य और यशस्वी जीवन की कामना करते हुए उन्हें जन्मदिन की बधाई शुभकामनाएं दी।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के रोड शो को सफल बनाने में जुटे मंत्री नरेंद्र कश्यप

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का 16 नवंबर को विजयनगर इलाके में रोड शो है। यह मुख्यमंत्री का पहला रोड शो है, जो लाइन पार इलाके में हो रहा है। रोड शो को सफल बनाने और भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी संजीव शर्मा को विधानसभा उपचुनाव में विजयी बनाने के लिए भारतीय जनता पार्टी लगातार कार्यक्रम कर रही है। इसी कड़ी में उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप गाजियाबाद में भी एक्टिव मोड पर नजर आ रहे हैं। उन्होंने गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी के रोड शो को सफल बनाने और भाजपा प्रत्याशी संजीव शर्मा के लिए वोट मांगने का कार्य किया। इस दौरान उन्होंने लोगों से अपील की है कि मतदान के प्रतिशत बढ़ने पर ध्यान दिया जाए, मतदान का प्रतिशत बढ़ेगा तो संजीव शर्मा की जीत का मार्जिन भी बढ़ेगा। इस दौरान उन्होंने कहा है कि उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी और रालोद का गठबंधन सफल साबित हो रहा है और 23 नवंबर को जो परिणाम आएंगे, उसमें भारतीय जनता पार्टी की विजय होगी।



## स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने मांगे भाजपा के लिए वोट

**करंट क्राइम।** भारतीय जनता पार्टी इन दिनों एक ही नारा लगा रही है कि कमल का फूल खिलाना है, हर घर में जाना है। इसी कड़ी में उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप गांधीनगर रामनगर में भाजपा महानगर पिछड़ा मोर्चा द्वारा प्रत्याशी संजीव शर्मा के लिए आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे। यहां हिमांशु सेन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में नरेंद्र कश्यप उपस्थित रहे। वहीं प्रताप विहार गेट नंबर- 9 सेक्टर -11 में ओमप्रकाश कश्यप के यहां कार्यक्रम में नरेंद्र कश्यप पहुंचे और उन्होंने कश्यप समाज को एकजुट करने के साथ ही भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी संजीव शर्मा को विजय बनाने और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के रोड शो में भीड़ जुटाने का संकल्प लिया। साथ ही माधवपुर रेलवे स्टेशन के निकट बृजभूषण द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भी मंत्री नरेंद्र कश्यप उपस्थित रहे और भाजपा के लिए वोट मांगे।

## भाजपा और लोकदल का गठबंधन सफल रहेगा : नरेंद्र कश्यप

**करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री नरेंद्र कश्यप का कहना है कि जिस प्रकार से लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय लोकदल का गठबंधन सफल हुआ था, ऐसे ही परिणाम विधानसभा उपचुनाव में भी देखने को मिलेंगे। उन्होंने कहा है कि भाजपा की जीत होगी और रालोद के प्रत्याशी भी विजयी होंगे। दोनों ही दल एक-दूसरे का भरपूर सहयोग कर रहे हैं। भाजपा महानगर ओबीसी के अध्यक्ष मनोज यादव का भी कार्यक्रम आयोजित करने में सराहनीय सहयोग रहा।

# ताकत है हौसले में इंसान से भी ज्यादा....

## यशोदा मेडिसिटी ने कैंसर सरवाइवर्स को सम्मानित करने के लिए किया 'क्राउन ऑफ करेज' समारोह का आयोजन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** 40 वर्षों से स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में सक्रिय प्रमुख हेल्थकेयर प्रदाता यशोदा सुपर स्पेशयलिटी हॉस्पीटल्स ने कैंसर सरवाइवर्स को उनके साहस और चुनौतियों से मुकाबला करते हुए दृढ़ता का परिचय देने के लिए सम्मानित करने के मकसद से गुरुवार को 'क्राउन ऑफ करेज' समारोह का आयोजन किया। इस समारोह में फेमिना मिस इंडिया वर्ल्ड 2024 निकता पोरवाल, फेमिना मिस इंडिया 2024, फर्स्ट रनर अप रेखा पांडे, फेमिना मिस इंडिया 2024 सेकिंड रनर अप आयुषी ढोलकिया और अन्य कई विशिष्ट जन भी उपस्थित थे। समारोह का आयोजन एनसीआर में अपनी पहचान बना रही क्वाटरनरी हेल्थकेयर फेसिलिटी यशोदा मेडिसिटी में किया गया और इस दौरान उन सभी कैंसर सरवाइवर्स की हिम्मत की सराहना की गई जिनका इलाज कौशांबी फेसिलिटी में किया गया है। कैंसर आज भी दुनियाभर में एक प्रमुख स्वास्थ्य चुनौती बना हुआ है और इसका एक बड़ा कारण इलाज के लिए आवश्यक संसाधनों तथा उनकी उपलब्धता के बीच मौजूद खाई है। इसी को ध्यान में रखकरए यशोदा सुपर स्पेश्यलिटी हॉस्पीटलस कैंसर के शीघ्र निदान और डायग्नॉसिस पर जोर देता है ताकि रोग की वजह से मृत्यु दर में कमी लायी जा सके और मरीजों का जीवन बचाने की दर में भी सुधार हो। 2024 मिस इंडिया निकिता पोरवाल ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा, आज यहां उपस्थित आप सभी को मालूम है कि दृढ़ संकल्प और हिम्मत क्या होती है, और हम आज आपके इसी साहस का जश्न मनाने के लिए यहां एकत्र हुए हैं। आपने न सिर्फ खुद साहस का परिचय दिया है बल्कि दूसरों को भी हिम्मत बंधायी है। मैं इस समारोह का हिस्सा बनकर और लोगों की दृढ़ता देखकर खुशी महसूस कर रही हूं।



डॉ. पीएन अरोड़ा, अध्यक्ष एवं प्रबंधक निदेशक, यशोदा मेडिसिटी ने कहा, कैंसर का शुरुआत में ही पता लगने से मरीज के बचने और उपचार के सफल रहने की संभावना बढ़ जाती है। यशोदा में हम सर्वश्रेष्ठ टेक्नोलॉजी में निवेश करने के साथ-साथ मरीजों को हाई क्वालिटी हेल्थकेयर सेवाओं तक पहुंच का लाभ दिलाने के लिए समर्पित हैं। नवीनतम टेक्नोलॉजी को उपलब्ध कराते हुए हम स्मार्ट और डिजिटल हॉस्पीटल कन्सेप्ट के माध्यम से मरीजों के अनुभवों को बेहतर बनाने के लिए समर्पित हैं। 'क्राउन ऑफ करेज' जैसी पहल के माध्यम से हम कैंसर सरवाइवर्स की हिम्मत के लिए उन्हें सम्मानित करते हैं, और हम रोग की आरंभिक अवस्था में स्क्रीनिंग के बारे में लोगों को जागरूक बनाने तथा जांच के लिए प्रोत्साहित करते हैं। इसके अलावाए डॉ. उपासना अरोड़ा, प्रबंध निदेशक, यशोदा मेडिसिटी ने कहा, अस्पताल द्वारा आयोजित 'द क्राउन ऑफ करेज' समारोह केवल एक आयोजन नहीं है, बल्कि सच पूछा जाए तो यह एक प्रकार का आंदोलन है जो हर विपरीत और चुनौतीपूर्ण स्थिति में भी जीवित रहने के उन इन लोगों के जज्बे को सलाम करता है। साथ ही, यह एडवांस ट्रीटमेंट की मदद से कैंसर मरीजों को नया जीवन देने के यशोदा के प्रयासों को भी दर्शाता है। यशोदा मेडिसिटी में कई प्रकार की आधुनिक टेक्नोलॉजी को उपलब्ध कराया गया है, जहां नवीनतम इलेक्टा - एमआर लाइनेक, वेरियन-एज एंड एथोस लाइनेक से सुसज्जित कैंसर केयर इंस्टीट्यूट कार्यरत है।

इसके अलावा, यहां न्यूक्लियर मेडिसिन के लिए SPECT-CT तथा डिजिटल पेट स्कैन और रोबोटिक्स एवं एआई की सुविधा भी उपलब्ध होगी ताकि मरीजों को सटीक डायग्नॉसिस और ट्रीटमेंट का लाभ भी मिल सके। इस फेसिलिटी में जेसीआई मानकों की कसौटियों पर खरा उतरने वाला अभूतपूर्व इंफ्रास्ट्रक्चर है और कुल मिलाकर 252 मॉड्यूलर आईसीयू बिस्तरों की सुविधा है। इस सेंटर में 20 अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर और 10 एंडोस्कोपी स्वीट्स भी हैं जिन्हें ड्रेगर इंडिया प्रा लिमिटेड (जाने माने ग्लोबल मेडिकल एवं सेफ्टी टेक्नोलॉजी सॉल्यूशंस प्रदाता) के सहयोग से उपलब्ध कराया गया है। इमरजेंसी मामलों के लिए यहां फिलिप्स कैथ एवं डीएसए लैब की सुविधा होगी जिसमें GE MRI, CT तथा हार्ट स्ट्रोक कमांड को लैब्स से जोड़ा जाएगा।

## स्वागत



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। बीजेपी युवा नेता नितिन मावी ने डिप्टी सीएम बृजेश पाठक का हिंडन एयर पोर्ट पर स्वागत किया। नितिन मावी ने इस दौरान डिप्टी सीएम बृजेश पाठक को भाजपा सदस्यता अभियान के दौरान अपनी उपलब्धि की भी जानकारी दी। युवा नेता नितिन मावी ने डिप्टी सीएम बृजेश पाठक का मार्ग दर्शन तथा सानिध्य प्राप्त किया।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे



शेखर त्यागी तलहैटा
11m ·

मोहब्बत का मतलब,,,सिर्फ माँ होती है...
माँ से ज्यादा दुनिया में कोई मोहब्बत नहीं करता सहाब।

#maa #mata #love #loveyou #loveislove #reelsfbシ #reelsvideoシ #vedioviralreel #smilefacechallengesmilechallenge #reelsviralfb #photographychallengeraphychallenge #reelstrending #photographychallengechallenge #reelkarofeelkaro #smilechallengesmilechallenge #insta #kisan #matarani #kali #mahadev



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** मां एक ऐसा शब्द है जो अपने आप में एक पूरा परिवार एक संस्कार और संतान के लिए पूरे जगत का प्यार समेटे हुए है। शेखर त्यागी ने अपनी मां के साथ आशीर्वाद शुभाशीष प्राप्त करते हुए यह फोटो साझा किया। उन्होंने अपने शब्दों में मोहब्बत का मतलब ही मां को समर्पित किया। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।